संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 02 अप्रैल 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 90 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



ओडिशा के केन्द्रपाड़ा से सांसद अनुभव मोहंती सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

# शराब घोटला: तिहाड़ भेजे गए केजरीवाल

## कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा, तिहाड़ की दो नंबर जेल में रखा जाएगा

**मनी लॉन्ड्रिंग**

**8 संजय को जेल नंबर दो से पांच में शिफ्ट किया जा चुका है, सत्येंद्र जेल नंबर सात, सिसोदिया जेल नंबर एक में हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। सीएम केजरीवाल को तिहाड़ की दो नंबर जेल में रखा जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी। वहीं संजय सिंह को जेल नंबर दो से पांच में शिफ्ट किया जा चुका है, सत्येंद्र जेल नंबर सात, मनीष सिसोदिया जेल नंबर एक और के. कविता जेल नंबर छह में हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ने से आम आदमी पार्टी (आप) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में रोष है। इसके चलते तिहाड़ जेल के बाहर विरोध में भारी संख्या में आप कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए पहुंचे हैं। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। करीब साढ़े चार बजे सीएम केजरीवाल को जेल के भीतर दाखिल करा दिया गया। इससे पहले सोमवार यानी अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे। बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

### सीएम केजरीवाल जांच में नहीं कर रहे सहयोग: ईडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सोमवार को कथित शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पेशी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और जांच एजेंसी को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने केजरीवाल पर जांच में गोलमोल जवाब देने का आरोप लगाया है। ईडी ने कहा है कि वह अभी भी मामले में मुख्यमंत्री की भूमिका की जांच कर रही है, मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। साथ ही कहा कि केजरीवाल ने हिरासत में पूछताछ के दौरान 'गोलमोल जवाब' दिए और जानकारी छिपाई। मुख्यमंत्री के बयान नौ दिनों की अवधि में लिए गए और उनका विभिन्न गवाहों और मामले से जुड़े अन्य अभियुक्तों के बयानों से सामना कराया गया। ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने बताया है कि विजय नायर उन्हें नहीं बल्कि दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरव भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे और नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। जबकि ईडी का कहना है कि नायर के बयानों से पता चला कि वह एक कैबिनेट मंत्री के बंगले में रहे और मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय से काम किया।

# बैंकिंग प्रणाली 10 वर्षों में मजबूत-टिकाऊ बनी: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आरबीआई के 90वें साल में प्रवेश करने पर पीएम मोदी ने देश की बैंकिंग व्यवस्था पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मैं आरबीआई के 80 साल पूरे होने के कार्यक्रम में शामिल हुआ था, तब स्थिति बहुत अलग थी। भारत का पूरा बैंकिंग क्षेत्र समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। हर कोई भारत की बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता और भविष्य को लेकर संशय में था। पीएम के अनुसार स्थिति इतनी खराब थी कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक देश की आर्थिक प्रगति को पर्याप्त बढ़ावा देने में सक्षम नहीं थे। और आज, भारत की बैंकिंग प्रणाली को दुनिया में एक मजबूत और टिकाऊ बैंकिंग प्रणाली के रूप में देखा जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार ने मान्यता, संकल्प और पुनर्पूंजीकरण की रणनीति पर काम किया। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की स्थिति में सुधार के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया, शासन से संबंधित सुधार किए। इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड की नई व्यवस्था से करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये के लोन का समाधान हुआ। कार्यक्रम के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, "एक संस्था के रूप में आरबीआई का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय बैंक होने के नाते, आरबीआई ने बाजार व अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रवर्तक के रूप में काम किया है।"

**टिप्पणी**

**8 हर कोई भारत की बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता और भविष्य को लेकर संशय में था: पीएम मोदी**


**आदर्श विचार**



गलतियां ढूंढना गलत नही है बस शुरूआत खुद से होनी चाहिए।

-भागवद गीता

**मन की बात**



संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।

-स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**




## कितने भी दल इकट्ठा कर लो, आएगा तो मोदी ही: अमित शाह

**लखनऊ:** राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने राजस्थान में आगामी लोकसभा चुनावों का शंखनाद करते हुए पोलो मैदान में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया, जिसमें आई.एन.डी.आई गठबंधन पर तंज कसते हुए स्पष्ट किया कि, घमंडिया गठबंधन में चाहे कितने ही दल क्यों न एकत्रित हो जाएँ, लेकिन आएगा तो मोदी ही। पूरा देश जानता है कि मोदी जी को हराने का घमंडिया गठबंधन का सपना दरअसल सपना ही रह जाएगा। विपक्ष का यह कुनबा लोकतंत्र को बचाने के लिए नहीं बल्कि परिवारवाद को बढ़ावा देने के लिए राजनीति करते हैं। घमंडिया गठबंधन को परिवार के अलावा किसी की भी चिंता नहीं है। चाहे अशोक गहलोत हो, लालू प्रसाद यादव, उद्धव ठाकरे, एम. के स्टालिन ये सभी नेता अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जबकि ममता बनर्जी अपने भतीजे को सीएम बनाने का सपना देख रही हैं और तो और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जनता यह जान चुकी है कि जिन्हें अपने परिवार की चिंता है वह देश के युवाओं की चिंता कैसे कर सकती है?

# पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: विदेश मंत्री

## विदेश मंत्री का यह बयान भारत में अमेरिका के राजदूत के बयान के बाद सामने आया



**दो टूक**

**8 अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उनकी सरकार की सोच है। हमें कुछ जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं: जयशंकर**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश की जांच से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। विदेश मंत्री का यह बयान भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गासेर्टी के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें गासेर्टी ने हाल ही में कहा था कि किसी देश के नागरिक की हत्या की साजिश में दूसरे देश की सरकार के एक अधिकारी का शामिल होना, ऐसी चीज है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता और यह 'लाल रेखा' है।

**विदेश मंत्री बोले- अभी बताने के लिए कुछ नहीं:** सोमवार को जब मीडिया ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से इसे लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि 'हमारा मानना है कि इस मामले की जांच से हमारे भी सुरक्षा हित जुड़े हैं।' अमेरिकी राजदूत के बयान पर उन्होंने कहा कि 'अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उनकी सरकार की सोच है। इस मामले में हमें कुछ जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिनकी हम जांच कर रहे हैं।' विदेश मंत्री ने मामले की जांच पर कहा कि 'जब भी हमारे पास बताने के लिए कुछ होगा, तो हम जरूर उसके बारे में बताएंगे।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने तूफान पीड़ित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को दिया सहायता का आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को आए भीषण तूफान से पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर में हुए नुकसान और पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। केन्द्रीय मंत्री शाह ने असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा मणिपुर के मुख्यमंत्री एम बीरेन सिंह को फोन करके स्थिति की जानकारी ली और राहत और बचाव के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। गृहमंत्री ने कहा कि पीड़ित लोगों के साथ उनकी संवेदनाएं जुड़ी हुई हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि भीषण तूफान के सिलसिले में असम तथा मणिपुर के साथ ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री से भी बातचीत की है।

# 'रिजर्व बैंक के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद की'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने संबंधी भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है। केन्द्रीय मंत्री सीतारमण ने आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। सीतारमण ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई ढांचा सभी बड़े कदम हैं, जिसे रिजर्व बैंक ने अच्छी तरह से क्रियान्वित किया है।

# ज्ञानवापी: तहखाने में पूजा-अर्चना पर रोक लगाने से इनकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों पक्षों को कहा है कि वो यथास्थिति बनाये रखें ताकि दोनों पक्ष अपनी पूजा अर्चना और नमाज को अंजाम दे सकें। कोर्ट ने तहखाने में पूजा के खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका पर ट्रायल कोर्ट के याचिकाकर्ता शैलेंद्र व्यास को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी। मस्जिद कमेटी की ओर से वकील हुजैफा अहमदी ने व्यास जी तहखाने में पूजा की इजाजत दिए जाने के फैसले पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि निचली अदालत ने एक हफ्ते में पूजा शुरू कराने का आदेश दिया था जबकि प्रशासन ने रात को ही पूजा के लिए तहखाने को खुलवा दिया। अहमदी ने कहा कि 31 जनवरी को कोर्ट के आदेश के बाद रात में बैरिकेट काटी गई और सुबह 4 बजे से पूजा शुरू की गई। आदेश में सिविल प्रोसिजर को फॉलो नहीं किया गया। अहमदी ने कहा कि हिन्दू पक्ष के मुताबिक 1993 में तहखाने में राज्य सरकार द्वारा ताला लगाया गया था। अहमदी ने कहा कि 1993 से 2023 तक कोई पूजा नहीं हुई और 2023 में दावा किया गया।

## ओडिशा के केन्द्रपाड़ा से सांसद अनुभव मोहंती भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ओडिशा के केन्द्रपाड़ा से सांसद अनुभव मोहंती सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। वे ओडिया एवं बांग्ला फिल्मों में काम करते हैं और अबतक बीजू जनता दल में थे। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी महामंत्री विनोद तावड़े ने पार्टी की पर्ची तथा अंगवस्त्रम पहनाकर पार्टी में उन्हें शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने के बाद मोहंती ने कहा कि वे इस भ्रम को तोड़ना चाहते हैं कि कलाकार राजनीति नहीं कर सकते।

# पहले के सीएम गौतमबुद्धनगर आने से भी डरते थे: योगी



**विरोधी निशाने पर**

**8 यह वही जनपद है जो जनपद 2017 से पहले के मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त हुआ करता था: सीएम योगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी यह जानते हैं कि यह वही जनपद है जो जनपद 2017 से पहले के मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त हुआ करता था। मैं तब ये समझ नहीं पाया था कि आखिर गौतमबुद्ध नगर जनपद उत्तर प्रदेश का भाग है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त क्यों है। फिर मैंने सूची देखी और अनुमान लगाने लगा कि ये प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के अभिशप्त इसलिए हुआ करता था क्योंकि उनके द्वारा भेजे जाने वाले नौकरशाह यहां की जनता को कंगाल करते थे और अपने आपको और अपने संरक्षकों को मालामाल करते थे। यह तथ्य सबके सामने न आने पाए, इसके लिए उनके द्वारा प्रयास होता था कि इन तथ्यों पर धूल ही झोंकी जाए, जितनी पट्टी बांधी जाए। इसलिए गंधारी की पट्टी यहां बंधी ही रहती थी। सीएम योगी ने आगे कहा कि मैं देख के ताज्जुब था और इन चीजों को सुनता था। फिर मैंने तय किया कि गौतमबुद्ध नगर जैसे उर्वरा क्षेत्र को मैं स्वय चलकर देखूं। मुझे 2017 में यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां आकर मैंने समस्याओं को देखा। यहां के जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यहां की समस्याओं को उठाकर गौतमबुद्ध नगर को देश के अंदर ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान दिलाने का काम किया।

# कांग्रेस के खिलाफ फिलहाल चुनाव तक कोई कार्रवाई नहीं होगी: केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस पार्टी को बड़ी राहत मिली है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि वो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ इनकम टैक्स के रिअसेसमेंट के ताजा नोटिस का चुनाव के समय कोई निरोधात्मक कार्रवाई नहीं करेगी।

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि अभी चुनाव का समय चल रहा है, लिहाजा वे इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मेहता से पूछा कि क्या आपने जो डिमांड नोटिस भेजा है, उसे स्थगित कर रहे हैं। तब मेहता ने कहा कि नहीं, हम बस इतना कह रहे हैं कि फिलहाल हम चुनाव तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए। सुनवाई के दौरान कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सॉलिसिटर जनरल की दलील पर कहा कि मामले की सुनवाई अगस्त महीने में की जाए, तब तक इनकम टैक्स विभाग कोई कार्रवाई नहीं करे।

**साधा निशाना** कंगना ने अनुराग को अपना रोल मॉडल बताया तो वहीं पर पूर्व सीएम जयराम ठाकुर को लेकर कहा कि यह मेरे मार्गदर्शक हैं

# 'कांग्रेस बहू बेटियों का भाव पूछ रही है, जिसका जवाब जनता 1 जून को देगी'



**वोट की अपील**

**8 मुझसे कोई गलती हो तो माफ करना, विरोधी भी कमजोर नहीं है। एकजुट होकर काम करना होगा: कंगना**

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: मंडी संसदीय क्षेत्र** के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक भीमाकाली मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने भाग लिया। कंगना का मंडी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कंगना ने अनुराग ठाकुर को अपना रोल मॉडल बताया तो वहीं पर पूर्व सीएम जयराम ठाकुर को लेकर कहा कि यह मेरे मार्गदर्शक हैं। अभिनेत्री रनौत ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के बहाने पार्टी पर एक के बाद एक कई हमले किए। उन्होनें कहा कि राम हमारे आदर्श हैं। इस चेतना को प्रधानमंत्री मोदी ने जगाया है। कांग्रेस पर हमला करते हुए कंगना ने कहा कि कांग्रेस बहन-बेटियों का चीरहरण करती रही। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि कला क्षेत्र में मेरी उपलब्धि से यह तय नहीं की मुझे जीत मिल जाएं। मुझसे कोई गलती हो तो माफ करना, विरोधी भी कमजोर नहीं है। एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होनें कहा कि भाजपा ने महिलाओं को मान-सम्मान दिया। लखपति दीदी बनाई। उज्जवला योजना दी। वहीं कांग्रेस बहू बेटियों का भाव पूछ रही हैए जिसका जवाब प्रदेश की जनता 1 जून को कांग्रेस को देने वाली हैं। भाजपा नेत्री ने कहा कि कम जीत से काम नहीं होंगेए अच्छी बढ़त से नाम व काम होगा। मुझे अन्य राज्यों में भी प्रचार करना है। मेरी नाक न कटे कार्यकर्ता इसका ध्यान रखें।उन्होनें कहा कि आज पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें सभी का मागदर्शन प्राप्त हुआ हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने हिमाचल में अथाह विकास करवाया मगर कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटीयों के बहकावे में मतदाता आ गए जो आज पछता रहे हैं।

# मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा




**रिकॉर्डतोड़**

**8 जीएसटी संग्रह में 11.5 फीसदी का उछाल दिखा है, मासिक आधार पर जीएसटी कलेक्शन का यह दूसरा उच्चतम स्तर है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मार्च में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर जीएसटी संग्रह में 11.5 फीसदी का उछाल दिखा है, जबकि मासिक आधार पर जीएसटी कलेक्शन का यह दूसरा सबसे उच्चतम स्तर है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि मार्च में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 फीसदी अधिक है। घरेलू लेन-देन बढ़ने की वजह से मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। ये अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह है। इससे पहले सर्वाधिक जीएसटी राजस्व संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 फीसदी अधिक है। मार्च 2024 के 1.78 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी 34,532 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 43,746 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 87,947 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए गए 40,322 करोड़ रुपये सहित) और सेस सेस 12,259 करोड़ रुपये रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### ब्राह्मण समाज से माफी मांगे रणजीत चौटाला: अनिका शुक्ला

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा** प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव व ओएसडी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने कहा कि रणजीत चौटाला भाजपा के हिसार से लोकसभा के प्रत्याशी ने जो ब्राह्मण समाज के लिए टिप्पणी की है वह बहुत ही निंदनीय है।समस्त ब्राह्मण समाज इसका पुरजोर विरोध करता है और रणजीत चौटाला को चेतावनी देता है कि ब्राह्मणों पर दी टिप्पणी पर जल्द से जल्द पूरे ब्रह्माण समाज से माफी मांगे वर्ना पूरा ब्राह्मण समाज एक होकर हिसार लोकसभा क्षेत्र में इनको हराने का काम करेगा। रणजीत चौटाला ने ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी की है कि ब्राह्मण समाज ने समाज को जाती-पाती में बांटा है और ब्राह्मण समाज जातीय दंगे करवाता है यह दिया गया व्यान बहुत ही शर्मनाक है और यह टिप्पणी आपकी मानसिकता को दशार्ता है और यह बताता है कि रणजीत चौटाला ब्राह्मण समाज से कितनी घ्रणा करते है कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण समाज कभी किसी का विरोध नही करता हर जाति समुदाय को हमेशा साथ लेकर चलता है एक ब्राह्मण ही जो सभी जातियों, समुदायों के लिए सुख शान्ति रहे के लिए अच्छा सोचता है और ईश्वर से भले के लिए प्रार्थना करता है देवी लाल जी ने कभी भी ब्राह्मणों के बारे ऐसा नही कहा वह ब्राह्मणों का पूरा सम्मान करते थे। अपनी दी हुई ब्राह्मणों पर टिप्पणी के लिए तुरंत ब्राह्मणों से माफी मांगे।

### राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में हवन करके मनाया प्रवेश उत्सव

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :आज** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्राएं व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया । कक्षा छठी व नौवी में दाखिला लेने वाली छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर व फूल मालाऐ पहना कर किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल सरोहा ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर स्वागत किया व स्टाफ और छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्टाफ ,छात्राएं, अभिभावक उपस्थित रहे ।विद्यालय में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

### देवेंद्र कादियान विद्यानंद कॉलोनी में इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

माह - ए - रमजान में विद्यानंद कॉलोनी वाली मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया इफ्तार पार्टी में रोजेदार सहित स्थानीय लोग शामिल हुए जिसमे जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने शामिल होकर मुस्लिम भाइयों को खजूर खिलाकर रोजा इफ्तार किया। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सोधार्य का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगो ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित लोगो ने मुल्क की शांति,सौहाद्र,अमन व चैन की दुआ मांगी। वही मस्जिद में उपस्थित इमाम ने कहा की जिस आदमी ने किसी रोजेदार को इफ्तार करवाया तो उस आदमी को भी उतना ही शबाब मिलता है जितना शबाब रोजेदार के लिए है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन एकजुट हुआ

## बिना सबूत होने के बावजूद यह जेल में डाल रहे हैं लोकतंत्र को कमजोर कर रहे

**विरोध**

8 रामलीला मैदान पर इंडिया गठबंधन के साथियों ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की




**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान कल दिल्ली के रामलीला मैदान पर इंडिया गठबंधन के साथियों ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की

आम आदमी पार्टी पानीपत प्रदेश सह-सचिव सुखबीर मलिक ने बताया 31 मार्च को दिल्ली रामलीला ग्राउंड इंडिया गठबंधन की एक महारैली हुई जिसमें लाखों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर विपक्ष के सभी बड़े नेता सोनिया गांधी ,राहुल गांधी ,उद्धव ठाकरे ,अखिलेश यादव, भगवंत मान, तेजस्वी यादव एवम सभी विपक्ष की लीडरों ने जमकर केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की कहा के बिना सबूत होने के बावजूद यह जेल में डाल रहे हैं लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने अरविंद केजरीवाल का पत्र पढ़ कर सुनाया और कहा हमारे सभी बड़े नेताओं को अंदर कर रखा है जबकि 1 की रिकवरी नहीं हुई है मैं मोदी से पूछना चाहती हूं कि बिना रिकवरी के बिना सबूत के केजरीवाल अंदर क्यों है ? उन्होंने लोगों से इस तानाशाही लड़ने के लिए साथ मांगा।

सुनीता केजरीवाल ने अरविंद का पत्र पढ़ते हुए

बताया अगर इंडिया गठबंधन की सरकार आती है तो गरीब वर्ग को फ्री बिजली को फ्री शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा एवं किसानों को एमएसपी आदि 6 गारंटी दी जाएगी।

भगवंत मान जी ने कहा देश का लोकतंत्र खतरे में है यह देश किसी के बाप की जागीर नहीं है यह 140 करोड लोगों का देश है सरकार एजेंटीयों की मदद से विपक्ष पर दबाव बनाने की कवायत में जुटी है इनका मकसद चुनाव में अरविंद केजरीवाल को प्रचार न करने से रोकना है। हम मोदी सरकार की तानाशाही की कड़ी निंदा करते हैं। लोकतंत्र को बचाने के लिए इस बार हमें मोदी सरकार को हटाना ही होगा।

इस मौके पर सुखबीर मलिक जी के साथ उनकी टीम के सदस्य कर्मवीर जी महेंद्र जी शकीरा जी मुकेश संदीप मनचंदा जी देवेन सलुजा किसान नेता राजवीर जी सुरेंद्र मंडी, मनीष दुबे, राजकुमार चमराडा,होशियार सिंह निबरीया, राजकुमार मुंडे मौजूद रहे।

# शीशगंरा स्कूल के मुख्याध्यापक सुखविंद्र सिंह हुए सेवानिवृत



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी शीशगंरा के मुख्य अध्यापक सुखविंद्र सिंह अपनी लगभग 27 वर्ष की गौरवमयी राजकीय सेवा पुरी होने पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर मुख्याध्यापक के साथ उनके पारिवारिक सदस्य, मित्र व संबंधी उन्हें विदा करवाने के लिए विद्यालय पहुंचे। विद्यालय प्रांगण में उनका स्वागत विद्यालय के छात्रों, समस्त स्टाफ सदस्यों व क्लस्टर हेड रामराज कौशिक प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुमथलागढ़ू, एबीआरसी जसबीर कौर , खेड़ी के भूतपूर्व सरपंच रतन सिंह ,वर्तमान सरपंच गुरुपेज। सिंह ,समाजसेवी गुरुबचन सिंह, गांव मांगना के सरपंच अमरजीत सिंह,

**विदाई समारोह**

8 सुखविंद्र सिंह 27 वर्ष की गौरवमयी राजकीय सेवा पुरी होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया

कंप्यूटर प्रवक्ता नीरज, एसएमसी प्रधान जसवीर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे ।सेवानिवृत्ति की आवश्यक कार्यवाही के बाद मुख्यअध्यापक सुखविंदर सिंह को पगड़ी व अंगूठी पहना कर उनका स्वागत किया तथा उनके पारिवारिक सदस्यों को भी सम्मानित किया गया । उपस्थित जनों ने सेवानिवृत्ति मुख्याध्यापक सुखविंदर सिंह को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में हवन यज्ञ के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ

**समालखा:** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में हवन यज्ञ के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में नए सत्र के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बच्चों ने भाषण, कविताएं, नाटक, नृत्य , गीत आदि प्रस्तुत किए । मंच संचालन मनस्वी और राशि के द्वारा किया गया । छात्रों ने नए सत्र के प्रारंभ के लिए स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। करियर काउंसलिंग परामर्श की जानकारी देते हुए डॉक्टर श्वेता ने विद्यार्थियों को बताया कि लेखांकन प्रणाली का ज्ञान केवल कॅरिअर के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, अपितु इसका महत्व बड़े बड़े संस्थानों से लेकर एक गृहिणी के गृह कार्यों का लेखा-जोखा रखने के लिए भी है। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को अलग-अलग विभागों में संबंधित विभिन्न कोर्सों की जानकारी दी।आधुनिक युग अनंत संभावनाओं से परिपूर्ण है और इन्हीं संभावनाओं का ज्ञान विद्यार्थियों को होना आवश्यक है ।

# सिरसमा के तीन विद्यार्थियों का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला

## ग्राम पंचायत ने किया बच्चों को सम्मानित : राजेश नरवाल



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज** राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिरसा में विद्यालय के तीन बच्चो जिनमे पुष्कर सुपुत्र अनिल कुमार, परीक्षित सुपुत्र सुशील कुमार, तन्नु सुपुत्री गुलाब सिंह का जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला होने पर स्वागत किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ने सभी बच्चों को ?1100 व विद्यालय परिवार की तरफ से प्रत्येक बच्चे को ?500 प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। ग्राम सरपंच सुश्री सुनीता देवी धर्मपत्नी नरेश नैन ने समस्त अध्यापकों को उनकी कड़ी मेहनत की बधाई दी और समस्त ग्राम का जिले में अव्वल रहे बच्चों के माता पिता को भी शुभ कामनाएं दी ।मुख्याध्यापक राजबीर सैनी,मुख्य शिक्षक राजेश नरवाल,भारत भूषण शर्मा,राजेंद्र कुमार, देवेंद्र,आनंद,श्रीमती प्रियंका, मीनू,सविता द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।सभी अभिभावकों ने अध्यापकों को इस सफलता का श्रेय दिया।

# 'छात्र संख्या घटी तो क्या एफ.एल.एन.और शिक्षा विभाग लेगा जिम्मेदारी'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सबसे** प्रमुख एफ.एल.एन. जिसे शिक्षण स्तर में सुधार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी पर उसका ध्यान साफ-सुंदर और कागजी रिकॉर्ड पर ज्यादा रहा, शिक्षक के पास कितना समय बचा है इस पर कम। स्कूल,कलस्टर और ब्लॉक स्तर पर मीटिंग/ट्रेनिंग आयोजित कर बस अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता गया और टीचर क्लासरूम से दूर होता गया। और अब तो दो कदम आगे बढ़कर चौथी व पांचवी में भी ऋछठ लागू किया जा रहा है बिना उसके फायदे और नुकसान का आकलन किए ।दूसरी तरफ विभाग,पिछले 7 साल से हर साल ट्रांसफर का राग छेड़ कर टीचरों के साथ मानसिक खिलवाड़ करता रहा। परीक्षाओं की डेट तीन बार बदली गई और नया दाखिला अभियान भी बार-बार रुकता रहा। अनेक स्कूल सिंगल टीचरों के सहारे खड़े हैं और नई भर्ती की कोई आस नहीं है । आखिर अभिभावक भी कब तक रुके रहेंगे। शिक्षक तो एक रिमोट कंट्रोल की तरह प्रयोग किया जाने वाला यंत्र बन चुका है।उसके सुझाव तो शायद रद्दी की टोकरी में फेंक दिये जाते हैं। हां,किसी और के विचारों पर उसका नाम जरुर लिख दिया जाता है। शिक्षक संदीप सहारन के अनुसार आखिर में शिक्षक को ही दोषी ठहराना गलत है इसलिए पहले से ही सब की जिम्मेदारियां निश्चित होनी चाहिए। वही अध्यापक नेता विक्रम वड़ैच के अनुसार जब सरकारी स्कूलों में परीक्षाओं पर सोच-विचार चल रहा था तब प्राइवेट स्कूलों ने परीक्षाएं कराकर दाखिला अभियान भी शुरु कर दिया था जिसका नुकसान सरकारी स्कूलों को उठाना पड़ सकता है।

**दाखिला अभियान**

8 दाखिला अभियान भी शुरू कर दिया था जिसका नुकसान सरकारी स्कूलों को उठाना पड़ सकता है

# गीता विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीमदभगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में नए सत्र का शुभारंभ मां शारदा के संमुख दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ के द्वारा किया गया। उन्होंने सभी छात्रों को सत्र के आरम्भ से ही अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने व समय पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने कहा अगर हम प्रतिदिन का कार्य प्रतिदिन करते रहेंगे तो हमें अपनी मंजिल पाने से कोई नहीं रोक सकता। हमारा जो लक्ष्य है हम उसको सुगमता से प्राप्त कर सकते हैं वंदना सत्र के पश्चात विद्यालय के संस्कृत आचार्य त्रिलोचन शर्मा, कमलेश शुक्ला, रासबिहारी पांडे के द्वारा मंत्र उच्चारण कर हवन यज्ञ संपन्न करवाया गया जिसमें विद्यालय के सभी आचार्य भैया-बहन व सभी छात्रों ने आहुति डालकर हवन यज्ञ किया। हवन में पूर्ण आहुति डालने के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया -बहन व छात्र उपस्थित रहे।

## बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए यज्ञ किया गया

**समालखा (कुलदीप सिंह): गीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए यज्ञ किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, हिन्दी प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम, उपप्राचार्य रमेश वत्स, मुख्याध्यापिका अनीता धीमान रहें। प्री नर्सरी से बाहरवीं कक्षा तक के बच्चों व सभी स्टाफ सदस्यों ने हवन में आहुति डाली। हवन का शुभारंभ गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। मंत्र उच्चारण प्रक्रिया द्वारा स्वाह की प्रतिध्वनि से सम्पूर्ण दिशाएँ गुंजाएंमान हो गयी। कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं ने यज्ञ में पूणाहुति डाली।

# सरकारी भूमि घोटाले में शामिल बिल्डर्स और अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** सरकारी भूमि घोटाले में शामिल अधिकारियों और बिल्डर्स के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे यह बात जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण आजकल कब्जों को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहा है । दिन प्रतिदिन एचएसवीपी की जमीन पर अवैध कब्जों की खबरें सामने आ रही है लेकिन विभाग शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं करता ऐसा ही मामला बरसत रोड पर हजारों गज में बनाए जा रहे एससीओ जिसमें लगभग दो- पौने दो लाख रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से एससीओ बनाने के लिए जमीन बेची जा रही है। लेकिन इसमें सबसे बड़ा हैरानी का विषय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सैकड़ो गज जमीन खसरा नंबर 3800 और 3799 जो इसी महालक्ष्मी स्पिनिंग मिल के अंदर आती थी वह कस्टोडियन भूमि है इसके अलावा सैकड़ो गज अन्य भूमि जिसको हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा एक्वायर कर उसकी पेमेंट तक कर दि गई लेकिन अधिकारियों के साथ मिली भगत करके इस जमीन पर बिल्डर्स द्वारा कब्जा तक कर उसमें प्लाटिंग शुरू कर दी गई इसकी निदेशालय को और ईओ हुड्डा को शिकायतों के बावजूद भी अधिकारियों के मिली भगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मुख्य प्रशासन पंचकूला को शिकायत की गई जिसमें तत्कालीन मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए कनिष्ठ अभियंता से तुरंत कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट मांगी गई थी लेकिन तत्कालीन जेई छत्रपाल और पटवारी महेंद्र ने मिली भगत करके निशानदेही ना होने की बात कह कर इस करोड़ों की भूमि को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास किया उन्होंने बताया कि

जब यहां की निशान देहि नहीं हो सकती तो यह जमीन बिल्डर के पास कैसे आई और किस प्रकार से सरकारी एचएसवीपी की जमीन पर करोड़ों का घोटाला किया गया उन्होंने कहा कि इस करोड़ों के सरकारी जमीन घोटाले में चंडीगढ़ के एक बड़े अधिकारी और कुछ सफेदपोष नेताओं का खुला संरक्षण है जिसके चलते शिकायतों के बावजूद भी अधिकारी आंख बंद करके बैठे हुए हैं।

# विजय जैन का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर किया भव्य स्वागत

## प्रिंस पब्लिक स्कूल वधावाराम कॉलोनी में बच्चों के एनुअल फंक्शन और स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: प्रिंस** पब्लिक स्कूल वधावाराम कॉलोनी में बच्चों के एनुअल फंक्शन और स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय जैन रहे। इस अवसर पर स्कूल के महाप्रबंधक चंद्रभान मेहंदीरत्ता व स्कूल प्रिंसिपल आशा मेहंदीरता और स्कूल स्टाफ ने भाई विजय जैन का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर के भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस अवसर पर बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए जैन ने कहा है कि बच्चे ही देश का भविष्य है और भविष्य का निर्माण माता-पिता और गुरुजन ही करते हैं उन्होंने कहा कि इन्हीं बच्चों में से कोई कअर, कद्धर ,इंजीनियर और डॉक्टर बन करके देश निर्माण में अहम योगदान करते हैं। मेरी सभी बच्चों के माता-पिताओं और अभिभावकों से अपील है कि वह अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर-के देश निर्माण में अहम योगदान करें इस अवसर पर बच्चों को शील्ड देकर के सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गांव बिचपड़ी के पूर्व सरपंच जय सिंह सैनी, समाज सेवी श्यामलाल कालड़ा ,

ओम प्रकाश रोड ,डॉक्टर अनिल पाहवा, पूर्व फोरमैन रामलाल भाटिया ,डॉक्टर सतबीर सिंह खर्ब ,कपिल शर्मा ,अनिल वर्मा हलवाई,बलदेव अरोड़ा हनुमान, तानिया मैडम ,बबीता मैडम, मोनिका मैडम ,रेनू मैडम, शिवानी मैडम,व स्कूल स्टाफ के अन्य सदस्य , बच्चों के अभिभावक व अन्य सम्मानित कॉलोनी वासी मौजूद रहे !

**देश के भविष्य**

8 जैन ने कहा है कि बच्चे ही देश का भविष्य है और भविष्य का निर्माण माता-पिता और गुरुजन ही करते हैं

# सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा का 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हुआ

## छात्र एवं अध्यापक गण एकत्रित हुए और ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के वेद मंत्रों से ईश प्रार्थना की

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**सैंटेनरी** पब्लिक स्कूल चुलकाना रोड समालखा में 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हो गया है। नए सत्र का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया गया । विद्यालय परिसर में सभी छात्र एवं अध्यापक गण एकत्रित हुए और ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना के वेद मंत्रों से ईश प्रार्थना की गई यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य नरेश त्यागी तथा यजमान का स्थान स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने ग्रहण किया। सभी ने बड़े श्रद्धा भक्ति और प्रेम से यज्ञ कुंड में अपनी आहुतियां समर्पित की और शांति पाठ के साथ यज्ञ संपन्न हो गया।

**सत्र**

8 यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य नरेश त्यागी तथा यजमान का स्थान स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने ग्रहण किया

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्रों ने पिछली कक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं । सभी छात्र इस सत्र में और अधिक परिश्रम करते हुए अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखेंगे और नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे सभी अध्यापक गण उनकी सहायता के लिए हर समय उपलब्ध हैं। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी अच्छा स्कोप है गत वर्षो में विद्यालय से कई विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग ले चुके हैं और अपना कैरियर बना चुके हैं इसलिए खेलों में भी आप अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। सभी विद्यार्थी अपने विषय अध्यापक से मिलकर अपनी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

# मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश में लहर : धामी

**पिथौरागढ़/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संपूर्ण देश में लहर दौड़ रही है। वे सोमवार को जी.आई.सी., खेल मैदान, नाचनी, पिथौरागढ़ में अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अजय टम्टा के पक्ष में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कि अल्मोड़ा लोकसभा के अंदर आने वाली 14 विधानसभाओं में बढ़ चढ़कर अजय टम्टा के पक्ष में वोट देना है और प्रधानमंत्री मोदी को भारी बहुमत से जिताना है। उन्होंने कहा कि नाचनी एवं डीडीहाट क्षेत्र से हर वोट प्रधानमंत्री मोदी को जाएगा और भारत के विकास में अपनी भूमिका निभाएगा। जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हर कोई प्रधानमंत्री जी को वोट देने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोगों के बीच आता हूं तो मुझे घर एवं परिवारजनों का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि नाचनी क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत हूं।

**मुख्यमंत्री ने कहा**

**8 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया के शिखर पर पहुंचा है। दुनिया में भारत का मान-सम्मान, शक्ति एवं स्वाभिमान बढ़ा है।**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र का विकास निरंतर जारी है। कपकोट एवं नाचनी को जोड़ने वाले रामगंगा के ऊपर 110 मीटर पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। बेरीनाग से पिथौरागढ़ को जोड़ने वाला पुल बनाए जाने का कार्य जारी है। हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ की हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। पिथौरागढ़ से सीधे देहरादून अब प्लेन से जा सकते हैं। जल्द ही पिथौरागढ़ से दिल्ली की भी प्लेन सेवा शुरू होने वाली है। पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य, विभिन्न क्षेत्रों पर मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत यहां के मंदिरों का पुनर्निर्माण कार्य किया जा रहा है।





मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया के शिखर पर पहुंचा है। दुनिया में भारत का मान-सम्मान, शक्ति एवं स्वाभिमान बढ़ा है। उन्हीं के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प पूर्ण हो रहा है। भारत टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इनोवेशन और इफ्रास्ट्रक्चर का हब बनते जा रहा है। भारत गंगा, यमुना, चारों धाम, आदि- कैलाश, जागेश्वर, देवी-देवताओं, जल, जंगल, जमीन, पर्वत का देश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश में गरीबों को घर देने का काम किया है। गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हुआ है। हर घर बिजली पानी पहुंचाने का कार्य जारी है। कोरोना काल के बाद गरीब परिवारों को फ्री में राशन दिया एवं वैक्सीन लगाई गई। किसानों के खातों में हर साल ?6000 डीबीटी के माध्यम से आ रहे हैं। अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक फ्री में इलाज की गारंटी देशवासियों को दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गांव गांव घर-घर गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी देश के हर गरीब का ख्याल रख रहे हैं। देशवासियों के जीवन को सुधारने का काम जारी है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सीएए लागू हुआ है। कश्मीर से धारा-370 का अंत हुआ है। मुस्लिम बहनों को उनका हक दिलाते हुए तीन तलाक जैसी कुप्रथा खत्म हुई है। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए कड़े फैसले लिए हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले किए गए वादे अनुसार समान नागरिक संहिता विधेयक को उत्तराखंड विधानसभा से पास किया है। नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसे पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं सुरक्षित परीक्षा करवाई जा रही है। राज्य में नकल का खेल खत्म हो गया है।सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। राज्य में दंगे न हो इसके लिए दंगारोधी कानून लागू किया गया है। धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है। साथ ही महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। वृद्धा पेंशन योजना, होम स्टे योजना के साथ ही अनेकों योजनाओं पर काम जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। बच्चे के जन्म पर महालक्ष्मी किट देकर शिशु और माता का बेहतर स्वास्थ्य एवं भविष्य सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य में लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाया जा रहा है। प्रदेश में गरीब परिवारों को साल में निःशुल्क 3 सिलेंडर रिफिल करवाएं जा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने उत्तराखंड को विकसित और अग्रणी राज्य बनाने के लिए हर संभव सहयोग किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष पहले कांग्रेस के राज में देश में घोटालों और भ्रष्टाचार का ही काम होता था। कांग्रेस के राज में परिवारवाद, भ्रष्टाचार और लूट-खसोट होते रही। कांग्रेस के लोग देश की प्रतिष्ठा को घटाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने महिला विरोधी सोच को प्रदर्शित करते हुए उत्तराखंड में किसी भी महिला प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है।

कांग्रेस के पापों का कोई अंत नहीं है इन्होंने राम भक्तों का मजाक उड़ाया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराया है। रामभक्तों पर गोली चलाने वाली पार्टी को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में ऐसी कांग्रेस पार्टी का किसी भी बूथ में खाता भी नहीं खुलना चाहिए।

## शाश्वत भक्ति की सफलता का आधार है, पूर्ण गुरू का सामर्थ्य और शिष्य का समर्पण: भारती

**देहरादून**

ह्यचिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊँ, तब गोबिन्द सिंह नाम कहाऊँह्ण यह पक्तियां पूर्ण गुरू की सामर्थ्य को ही प्रतिबिम्बित किया करती हैं। दशम् पातशाही गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का सामर्थ्य है कि उन्होंने निरीह चिड़ियों को बाज जैसे शक्तिशाली और विशाल बाज के साथ लड़वा दिया। लड़वा ही नहीं दिया अपितु उन्हें विजय भी प्राप्त करवा दी। इसी क्रम में खालसा पंत के सृजनहार गुरू जी ने- ह्यसवा लाख से एक लड़ाऊँ, तब गोबिन्द सिंह नाम कहाऊँह्ण को भी सिद्ध करके दिखला दिया कि मेरा एक सिक्ख (शिष्य) सवा लाख आतताइयों से अकेला लड़कर फतह (विजय) हासिल कर सकता है। यह होती है पूर्ण गुरू की समर्थता और उनकी व्यापकता। भगवान भी जहां अपनी बनाई सृष्टि के नियमों में आबद्ध हैं वहीं पूर्ण गुरु सृष्टि के समस्त नियमों, समस्त कानूनों से ऊपर हुआ करते हैं। सदगुरू अपने शरणागत शिष्य के कल्याण में रुकावट बनने वाली हर बाधा, हर विपदा को दूर करने के लिए नियमों और कानूनों का भी अतिक्रमण कर जाते हैं। सदगुरू के लिए सृष्टि में ऐसा कुछ भी नहीं है जो कि असम्भव हो। शास्त्र भी ऐसे परम गुरू की महिमा गाते हुए कहता है- ह्यकर्ता करे न कर सके, गुरू करे सो होए, तीन लोक नवखण्ड में, गुरू से बड़ा न कोएह्ण।

**सामर्थ्य**

**8 गुरू गोबिन्द सिंह जी ने निरीह चिड़ियों को बाज जैसे शक्तिशाली और विशाल बाज के साथ लड़वा दिया।**

यह अनमोल सद्विचार आज ह्यदिव्य ज्योति जाग्रति संस्थानह्ण की देहरादून शाखा, निरंजनपुर के आश्रम सभागार में ह्यसदगुरू आशुतोष महाराजह्ण की शिष्या तथा संस्थान की प्रचारिका साध्वी विदुषी भागीरथी भारती जी के द्वारा उपस्थित भक्त श्रद्धालुगणों के मध्य प्रस्तुत किए गए।

## कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में महिला चेंजमेकर्स के साथ ह्यतू है शक्ति 2.0 अभियान का हुआ वैश्विक लोकार्पण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के महिला सशक्तिकरण व लिंग समानता प्रकल्प ह्यसंतुलनह्ण के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में भव्य महिला सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें ह्यतू है शक्तिह्ण अभियान के दूसरे चरण का पोस्टर लोकार्पण कर शुभारम्भ किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित इस विशेष इस समारोह में दिल्ली एन.सी.आर. की विख्यात महिला अधिकारियों के साथ पैनल में संवाद किया गया। संघर्षों को चुनौती देने वाली 17 आईकोनिक महिलाओं को ह्यसंतुलन स्वाभिमानी नारी सम्मानह्ण से सम्मानित किया गया, तथा, सम्मलेन में उपस्थित 250 महिला चेंजमेकरों ने ह्यतू है शक्ति 2.0 अभियानह्ण के मेंबर बन दिल्ली की नारी विरोधक पटकथा आत्मिक जाग्रति द्वारा को बदल कर नारी उद्धार का संकल्प लिया गया।तीन घंटे की अवधि वाले इस विलक्षण कार्यक्रम में नारीत्व की आधुनिक चुनौतियों और मुद्दों पर एक पैनल चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों की विख्यात महिलाएँ जो समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही हैं, ने अपने-अपने दृष्टिकोण को समक्ष रखा और निष्कर्ष निकाला कि कुछ लोगों के प्रयासों से परिवर्तन नहीं आ सकता है।

## चैम्पियन बनकर लौटी टीम का स्वागत

**सफलता**

**8 परिश्रम युवाओं के लिए सबसे बडी पूंजी है। परिश्रम के तप से युवाओं की प्रतिभा एवं सफलता तय होती है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

परिश्रम युवाओं के लिए सबसे बडी पूंजी है। परिश्रम के तप से युवाओं की प्रतिभा एवं सफलता तय होती है। किसी कार्य में जितना अधिक परिश्रम, सफलता उतनी बड़ी होती है। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतान्शु ने विश्वविद्यालय की चैम्पियन बनकर लौटी हॉकी टीम के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।



कुलपति प्रो. सोमदेव शतान्शु ने खिलाडियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरुकुल का छात्र अपनी विशेष पहचान से शिक्षा एवं खेल में सफल होकर जीवन में सम्मान का अधिकारी बन जाता है। यह उसकी अनुशासन तथा चारित्रिक उन्नति का द्योतक बनती है। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विजेता टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को गुरुकुल के ब्रांड अम्बेसडर कहकर सम्बोधित किया और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की बात दोहराई।

डीन, योग एवं शारीरिक शिक्षा प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने खिलाड़ियों के पुरुषार्थ की सराहना की।

## सीमा डेंटल कॉलेज के 509 छात्रों को मिली उपाधि




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

सीमा डेंटल कॉलेज और हास्पिटल ऋषिकेश में एच.एन.बी. गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में स्नाकोत्तर और स्नातक छात्रों का दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 509 छात्र-छात्राओं को उपाधि (डिग्री) प्रदान की गई। कार्यक्रम में एम.डी.एस. बैच 2016, 2017, 2018, 2019 और 2020 के 78 स्नाकोत्तर छात्रों और बीडीएस बैच 2014, 2015, 2016, 2017 और 2018 के 431 स्नातक छात्रों को कुलपति प्रतिनिधि प्रोफेसर आर.सी.भट्ट ने उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह, डायरेक्टर एम्स ऋषिकेश, कुलपति प्रतिनिधि प्रोफेसर आर.सी. भट्ट, प्रो. वाइस चांसलर एच.एन.बी. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल, सीमा डेन्टल कॉलेज और हास्पिटल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आर.के. गुप्ता, चेयरमैन डॉ. अमित गुप्ता, कार्यकारी निदेशक अजय गर्ग, प्रधानाचार्य डॉ. पी.नारायण प्रसाद, डायरेक्टर डॉ.अनिरुद्ध गुरु प्रताप सिंह और उप प्रधानाचार्य डॉ. प्रेम प्रकाश ने मां सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आर.के. गुप्ता ने मुख्य अतिथि और कुलपति प्रतिनिधि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. पी. नारायण प्रसाद ने अपने स्वागत भाषण में उपाधि प्राप्त कर रहे दन्त चिकित्सकों से समाज को बेहतर से बेहतर दन्त चिकित्सा मुहैय्या कराने का आश्वासन लिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पैसा कमाना ही एक कुशल डॉक्टर का कार्य नहीं है, अपितु अपने व्यवसाय के साथ-साथ उन्हें समाज सेवा के कार्य भी करते रहने चाहिये, जिससे कि समाज को एक डॉक्टर के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने वाला व्यक्तित्व भी मिल सके।

## उत्तराखंड: चारधाम यात्रा की तैयारियों के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**चारधाम यात्रा**

**8 बद्री केदार मंदिर समिति जहां यात्रा की तैयारी में जुटी हुई है वहीं केदारनाथ में जमी बर्फ हटाने का काम किया जा रहा है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख माध्यम है। इसलिए शासन प्रशासन चारधाम यात्रा को काफी महत्व देता है। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा इस वर्ष 10 मई से शुरू होने जा रही है। अक्षय तृतीया के अवसर पर सबसे पहले गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। इसके बाद यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब के कपाट खोले जाएंगे।



प्रदेश की धामी सरकार इस वर्ष यात्रा के सभी प्रबंधों की लगातार समीक्षा कर रही है। बद्री केदार मंदिर समिति जहां यात्रा की तैयारी में जुटी हुई है वहीं केदारनाथ पैदल मार्ग में जमी बर्फ हटाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है।

इस बाबत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि उत्तराखंड की विश्वविख्यात चार धाम यात्रा का शुभारंभ 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ होगा। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद यमुनोत्री धाम और उसके बाद केदारनाथ फिर बद्रीनाथ और अंत में सिखों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट खोले जाएंगे। यात्रा से संबंधित सभी विभागों की समीक्षा बैठक की जा चुकी है और तैयारी पर मेरी दृष्टि है। विभागों से तालमेल के माध्यम से लगातार समीक्षा की जा रही है ताकि यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम किया जा सकें। उन्होंने कहा कि यात्रा में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सरल और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव हो इसके लिए सरकार पूर्ण प्रयास कर रही है।

बद्री केदार मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि पिछले दो सालों में चार धाम यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचे हैं। वर्षवार जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 2022 में 46 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए थे जबकि 2023 में यह आंकड़ा 56 लाख तक पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल भी यात्रा में नए रिकॉर्ड कायम होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार और बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने में जुटी हुई है।

## मोहयाल पब्लिक स्कूल में हुआ सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

मोहयाल पब्लिक स्कूल भूपतवाला में ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।



बतौर अतिथि जनरल मोहयाल सभा के अध्यक्ष विनोद दत्त ने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चे देश का भविष्य हैं, जिनकी बेहतर शिक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक अभिभावक की है। हम सभी को बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभाओं को पहचान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रयास करने चाहिए। मोहयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक ओपी मोहन और संयोजक गिरीश मोहन ने कहा कि अच्छी शिक्षा पद्धति के माध्यम से बच्चे बड़े होकर सशक्त समाज का निर्माण करते हैं। देश की प्रगति में भी सहायक होते है। प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करना चाहिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष विकास तिवारी एवं प्रधानाध्यपिका शुभांगी बिश्नोई ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में छिपी खेल प्रतिभाओं को भी निखारना एक शिक्षक का दायित्व है। आज समाज के प्रत्येक वर्ग से बड़ी संख्या में बच्चे बतौर खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है। कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

## जहां काम-वहीं वोट : अब मतदान के लिए नहीं लौटना होगा घर, जम्मू-कश्मीर के लिए खास सुविधा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

प्रवासी मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है, जिससे उन्हें वोट डालने के लिए अपने राज्य नहीं लौटना होगा। प्रवासी मतदाता जिस शहर या राज्य में काम करते हैं, वहीं से अपने राज्य के चुनाव में वोटिंग कर सकेंगे।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी प्रवासी मतदाता पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे। इससे प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए अपने गृह राज्य, नगर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे जहां हैं, वहीं से मतदान कर सकेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी अपना पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं। उसका प्रारूप फार्म 12सी होगा। यदि वे फिजिकली वोट के लिए अनुरोध करते हैं तो उनके लिए फार्म एम होगा।

यह जानकारी माइग्रेंट वोटर्स को उनके चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है। प्रवासी मतदाता को वे अभी जहां निवास कर रहे हैं, वहां पर संबंधित ईआरओ कार्यालय में जाकर तीन डॉक्यूमेंट जमा करने होंगे। पहला डॉक्यूमेंट फार्म एम या फार्म 12सी में से कोई एक।

दूसरा जहां पर वर्तमान में निवास कर रहे हैं, वहां का रेजीडेंस प्रूफ और तीसरा रिलीफ कमिश्नर से प्राप्त माइग्रेशन सर्टिफिकेट या अन्य कोई अभिलेख। इन अभिलेखों को जमा करने के उपरांत राज्य के ईआरओ इन आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मोड से संबंधित ईआरओ को भेजेंगे, जो जम्मू और कश्मीर राज्य में होंगे। यह सुविधा केवल तीन लोकसभा क्षेत्र श्रीनगर, अनंतनाग और बारामुला के लिए उपलब्ध होगी।

## अल्मोड़ा सीट पर उम्मीदवार बेदाग, उमेश, आशुतोष, बॉबी सहित कई दागदार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव पहले चरण में है। राज्य के पांच लोकसभा सीटों में से अल्मोड़ा एक ऐसी लोकसभा सीट है जिस पर सभी उम्मीदवार बेदाग हैं जबकि 04 लोकसभा सीटों पर 06 उम्मीदवारों का आपराधिक इतिहास है। भाजपा-कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों के उम्मीदवार बेदाग है।

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीट में से केवल एक सीट अल्मोड़ा से निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन कुमार देव ने अपना नामांकन वापस लिया है। अब प्रदेश की पांच लोकसभा निर्वाचन सीटों पर कुल 55 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। टिहरी सीट पर 11, पौड़ी गढ़वाल पर 13, अल्मोड़ा में 7, नैनीताल में 10 और हरिद्वार में 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव मैदान में कुल 55 उम्मीदवार में से कुल 06 उम्मीदवार का आपराधिक इतिहास है।




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कुमाऊं मंडल से नैनीताल से केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट और अल्मोड़ा से निवर्तमान सांसद अजय टम्टा और गढ़वाल मंडल से निवर्तमान सांसद टिहरी से माला राज्य लक्ष्मी शाह, हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल से अनिल बलूनी को चुनाव मैदान में उतारा हैं, जबकि कांग्रेस ने कुमाऊं मंडल के नैनीताल से प्रकाश जोशी और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा चुनाव लड़ रहे हैं। हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत, टिहरी से जोत सिंह गुनसोला, गढ़वाल से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल चुनाव मैदान में हैं। इनमें से किसी भी उम्मीदवार के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने हरिद्वार से जमील अहमद और गढ़वाल से धीर सिंह चुनाव मैदान में उतारा है और 03 सीटों पर कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। जमील के खिलाफ मुजफ्फरनगर के ककरौली और शहर कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं। धीर सिंह के खिलाफ सहारनपुर जिले में जालसाजी और धोखाधड़ी के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

टिहरी लोकसभा के निर्दलीय उम्मीदवार बॉबी पंवार पर दर्ज मुकदमों की फेहरिस्त लंबी है। बॉबी पंवार पर दो जिलों में कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। बॉबी पंवार को यूकेडी सहित अन्य क्षेत्रीय दलों ने भी समर्थन किया है। अंकिता हत्याकांड के बाद चचाओं में आए आशुतोष सिंह पौड़ी लोकसभा सीट से उत्तराखंड क्रांति दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले दिनों उन्हें एससीएसटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार भी किया गया था। उनके खिलाफ कोतवाली पौड़ी में दो, कर्णप्रयाग, कोटद्वार, लैंसडौन आदि थानों में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। निर्दलीय खानपुर विधायक और हरिद्वार लोकसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे उमेश कुमार 2013 में न्यायालय की अवमानना के दोषी भी पाए गए थे। उन्हें रजिस्ट्रार कार्यालय में एक घंटे तक कुर्सी पर बैठने की सजा मिली थी। देहरादून के राजपुर में डरा धमकाकर आतंकित करने के आरोप में 2018 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथियों का मन जीता

**देहरादून**

जीएमएस रोड स्थित एक होटल में वीआईपी समिति ने उत्तराखंड टैलेंट क्वीन हंट का आयोजन किया। इस टैलेंट क्वीन हंट विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथियों का मन जीत लिया।

देवभूमि उत्तराखंड से बहुत बहुत सारी प्रतिभाओं के धनी लोगों ने उत्तराखंड टैलेंट क्वीन हंट में प्रतिभाग किया। पाक कला (केक), नृत्य-शास्त्रीय, बॉलवुड, अर्ध पारंपरिक, गायन, ब्लॉगिंग, कला और शिल्प, ब्राइट्स ऑफ इंडिया, फैशन वॉक का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

## न्यूज फ्लैश

### नहर में मिला लापता युवक का शव

**गन्नौर: पुरखास आईटीआई** से गायब हुए 22 वर्षीय अजय का शव सोमवार को हुलेडी गांव की नहर में मिला है। स्थानीय लोगो ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद गोहना पुलिस मौके पर पहुँची ओर गन्नौर पुलिस को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद गन्नौर पुलिस मौके पर पहुँची ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। गन्नौर थाना प्रभारी ने बताया कि ककाना भादरी गोहना निवासी जय किशन ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका बेटा पुरखास आईटीआई में पढ़ता है। वह 29 मार्च को आईटीआई आया था लेकिन वापस घर नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नही चला। सोमवार को सुबह सूचना मिली कि हुलेडी गांव की नहर में अजय का शव मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप दिया। मृतक के शरीर पर किसी तरह के कोई निशान नही मिले। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कि मौत के कारणों का पता लगेगा।

### भोगीपुर (राजलू गढ़ी) में आग से -ुलसी महिला ने 6 दिन बाद उपचार के दौरान दम तोड़ा

**गन्नौर। भोगीपुर (राजलू गढ़ी) में 23 वर्षीय** आग में झुलस महिला ने पीजीआई रोहतक में उपचार के दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया, जहां उसका भोगीपुर (राजलू गढ़ी) में अंतिम संस्कार कर दिया गया। महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। ज्ञात रहे कि मामले में एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना पुलिस ने पति व सास के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। महिला ने सुसाइड नोट लिखने के बाद खुद को आग लगाई थी। आग लगने से वह 70-80 - फीसदी झुलस गई थी। मामले में लेकर आरोप है महिला ने यह कदम - अपने पति व सास के तानों से तंग - आकर उठाया था। उसे प्रताड़ित किया जाता था। महिला की साल 2021 में शादी हुई है उसके पास एक डेढ़ वर्षीय बेटी है। गांव कामी निवासी मृतका के पिता जयभगवान ने शिकायत में बताया कि उसके पास एक बेटा दीपक व एक बेटी आरती है। बेटी आरती की शादी साल 2021 में भोगीपुर (राजलू) के महेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसे लगातार तंग किया जा रहा था। कई बार बेटे के साथ जाकर समझाया, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। 26 मार्च को दामाद महेश ने फोन कर बताया कि आरती को बिजली द्वारा जलने पर इलाज के लिए बीपीएस खानपुर लेकर जा रहे है। जब वह खानपुर जाने लगा तो उन्हें बताया कि हालत सीरियस होने पर पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। आरोप है कि परेशान होकर बेटी ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की है।

### वोट डालने के लिए नहीं करना पड़ेगा इंतजार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एनआईसी हरियाणा** की ओर से 18वें लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर इस बार एक अनूठी मोबाइल एप और वेबसाइट तैयार की है, जिसका प्रयोग कर मतदाता पोलिंग बूथ पर लगी मतदाताओं की लाइन के बारे में जानकारी हासिल कर अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने के लिए बूथ पर जा सकता है।उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से एनआईसी द्वारा बनाए गए एप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस एप को वोटर्स-इन-क्यू का नाम दिया गया है। इसी एप की ईक्यूएमएसएचआरवाई.एनआईसी.इन के नाम से वेबसाइट भी बनाई गई है। फिलहाल इस वोटर्स एप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब अढाई दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है।

# मंत्रों व हवन की आहुतियों के साथ शुरू हुआ ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र

## हवन यज्ञ प्राचीन काल से ही रहा है भारतीय संस्कृति का आधार : सुधीर जैन



**सोनीपत।**
**ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में मंत्रों और हवन की आहुतियों के साथ सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सुधीर जैन ने कहा कि हवन यज्ञ प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का आधार रहा है। यज्ञ श्रेष्ठ कर्म है, जिसे किसी भी शुभ कार्य के लिए बहुत ही फलदायक माना गया है। नए शिक्षा सत्र पर हवन यज्ञ करवाना और भी लाभकारी है। इससे विद्यार्थी पुरानी वैदिक परंपरा से भी जुड़े रहते हैं। सुधीर जैन ने कहा कि हवन से पर्यावरण शुद्धि के साथ-साथ आत्मिक शुद्धता भी होती है । उन्होंने सभी विद्यार्थियों का नए सत्र में स्वागत किया और उन्हें कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भरोसा जताया कि नए सत्र में भी उनके स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। सीईओ संजय जैन ने कहा कि स्कूली शिक्षा छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । बच्चों की शिक्षा और उन्हें मिलने वाला सही माहौल काफी हद तक यह निर्धारित करता है कि बच्चा भविष्य में क्या बनेगा और उसका व्यक्तित्व कैसा होगा । इन बातों पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए उनके विद्यालय में स्मार्ट क्लास के साथ ही अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग बच्चों को पढ़ाने में किया जा है। बच्चों को कौशल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में नई पहल की गई है। स्कूल में बच्चों को अबेकस और वैदिक गणित की शिक्षा भी दी जा रही है । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने नए बच्चों का स्कूल में स्वागत किया और पुराने विद्यार्थियों को भी नए सत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में नई उम्मीद व आशा के साथ अपनी पढ़ाई की

## कुवि ने 37वें अंतरराष्ट्रीय युवा उत्सव में प्राप्त किया तीसरा स्थान



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित 37वें अंतरराष्ट्रीय युवा उत्सव जिसका आयोजन पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना पंजाब में किया गया था में तीसरा स्थान हासिल करने पर सांस्कृतिक दल को हार्दिक बधाई दी। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बहुत सी विधाओं के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को संरक्षित करने का काम किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की हैं उसके लिए मैं हार्दिक बधाई देता हूं। निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूटीडी व पानीपत आर्य पीजी कॉलेज के छात्रों ने प्रोसेसन, लाईट वोकल, हिंदी नाटक, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी में प्रथम स्थान, फॉक ऑरकेस्ट्रा, वेस्टर्न वोकल सोलो, माईम, रंगोली, एलोकेशन द्वितीय स्थान, भारतीय समूह गीत, एकल शास्त्रीय स्वर वाद्य, कोलॉज, क्ले मॉडलिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## ए.पी.गर्ग पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोमवार को खरखौदा** में सांपला रोड पर स्थित ए.पी.गर्ग पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इसके उपलक्ष्य में सत्र के प्रथम दिवस पर हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। हवन में स्कूल के प्रबंधक महोदय मोहनलाल गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, अध्यापकगण और स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रार्थना सभा में सत्र की शुरूआत की प्रथम दिन विद्यार्थियों ने भाषण और सुविचार के द्वारा अपने विचार व्यक्त किया और स्कूल के प्रबंधक मोहनलाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के बारे में बता कर जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। और नन्हे मुन्ने बच्चों के अपने माता-पिता के साथ फोटो खिचवाए गए।

## नेशनल हाईवे पर पलटी नेक्सन कार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** कस्बा तरावड़ी के पास नेशनल हाईवे पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में चार युवक सवार थे, जिसमें से एक युवक घायल हुआ है। हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और घायल को कार से बाहर निकलवाया। घायल युवक को करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बीती शाम करीब 4 बजे 4 दोस्त सोनीपत की तरफ से आ रहे थे और बारात में चंडीगढ़ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही कार तरावड़ी के पास पहुंची तो पीछे से एक गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार का संतुलन बिगड़ गया। पहले कार डिवाइडर से जा टकराई और उसके बाद पलट गई।

## 06 अप्रैल को भाजपा पार्टी का धूमधाम से मनाया जायेगा स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: आगामी 6 अप्रैल** को भाजपा पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा और हर बूथ पर पन्ना प्रमुख के घर पार्टी का ध्वज लगाया जायेगा। इसके लिए सोनीपत विधान सभा क्षेत्र में 15 वरिष्ठ नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है जो 3 अप्रेल को बूथ कार्यकताओं की हर शक्ति केंद्र पर बैठक करेंगे । यह जानकारी सोमवार को चुनावी कार्यालय पर आयोजित शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने दी। बैठक में सभी कार्यकताओं को पार्टी बूथ के हिसाब से 50 झंडे वितरित किये गए। उन्होंने कहा कि 44 वर्ष पूर्व 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन से लेकर वटवृक्ष बन चुकी पार्टी को मजबूत करने का श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है जिन्होंने अपनी जान लगाकर बुरे दिनों में पार्टी को अपने खून से सींचने का काम किया। कविता जैन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बड़ोली काफी आगे है जबकि दूसरे दलों के उम्मीदवार तो अभी उहा-पोह कि सिथिति में है, उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह चुनाव में बूथ स्तर तक हर मतदाता से संपर्क कर मोदी की नीतियां समझाने का काम करें और मतदान केंद्र तक स्वयं एक-एक मतदाता को ले जाने की रणनीति तैयार करें।

## धार्मिक कार्यों में भाग लेने से मन को अलग से शांति सुख प्रदान होता है: वीरेंद्र कादियान

### जाहरी में धूमधाम से मनाया शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव, माता के भजनों पर झूमे भक्तजन



**वार्षिकोत्सव**

**8 माता मंदिर सेवा समिति की ओर से गांव जाहरी में शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम व श्रद्धा से मनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: जाहरी प्राचीन** शीतला माता मंदिर सेवा समिति की ओर से गांव जाहरी में शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। जिसमें बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान, समिति पदाधिकारी व ग्रामीणों ने यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत श्री माता वैष्णो देवी जागरण पार्टी ने शीतला माता का जागरण किया। जिसमें कलाकारों ने माता के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। माता के जागरण में पहुंचे भक्त भी अपने आप को रोक नहीं सके और माता के गानों पर जमकर झूमे। इस दौरान मंदिर परिसर में अटूट भंडारा लगाया। श्रद्धालुओं ने भंडारे में हलवा, पूरी व आलू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने भंडारे में अपनी सेवा देने के साथ ही कहा शीतला माता की महिमा अपरंपार है। माता भक्तों की हर मुराद पूरी करती है। यहां आसपास के क्षेत्र में शीतला माता की काफी मान्यता है। कादियान ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी अपने राह से भटक रहा है। इस परिस्थिति मकें गांव-गांव में धार्मिक आयोजन होने से उसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वेदपाल लाकड़ा, कर्मसिंह लाकड़ा, सत्यवीर लाकड़ा, बिजेंद्र शास्त्री, कृष्ण लाकड़ा, सुरेंद्र, बलवान, सुभाष रोहिल्ला, विक्रम कुमार आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार, बाइक को बेचने की फिराक में घूम रहा था

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: थाना पुराना** आद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौराना हरिनगर में कच्ची फाटक के पास मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक लाल रंग की प्लसर बाइक पर सवार होकर कच्ची फाटक की और से आएगा। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात रामस्वरूप चौक की और से एक युवक बगैर नंबर प्लेट की लाल रंग की प्लसर बाइक पर सवार होकर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने बाइक को रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अजय पुत्र सुभाष निवासी भनेडा शामली यूपी हाल किरायेदार सैनी कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने बाइक के इंजन व चेसिस नंबर को जीप नेट पर चैक किया तो बाइक 30 अक्तूबर 2022 को नई दिल्ली के फतेहपुरी बेरी दक्षिण थाना क्षेत्र के चोरी होनी पाई गई। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने उक्त बाइक शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में कुछ महिने पहले यूपी के बागपत जिला के केडवा कमला गांव में मिले एक अज्ञात युवक से कम कीमत पर खरीदने बारे स्वीकारा। रविवार को आरोपी चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद चोरीशुदा बाइक को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में अभियोग दर्ज कर रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## ब्यूटी पार्लर का दिया जाएगा प्रशिक्षण




**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** : सोनीपत से शुरू होने जा रहा है। ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण जो भी सोनीपत जिले में जरूरत मंद महिला एवं युवती के लिए जिनकी उम्र 18से 45के बीच है। ये ट्रेंनिग भारत सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त एवम पंजाब नैशनल बैंक से निः शुल्क दी जाएगी। भोजन,छात्रावास तथा प्रशिक्षण में कोपी किताब ड्रेस निः शुल्क संस्थान की तरफ से दिया जाता हैं। यह ट्रेनिंग 30 दिन का है जो कि सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेगा। सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण से संबधित सारी चीजें सिखाया जाएगा` एवम एक सफल उद्यमी बनाने का तौर तरीके सिखाया जाएगा और सरकारी योजना का भी लाभ ले सकते हैं। स्थान - आरसेटी ,पंजाब नैशनल बैंक, निद्दान हॉस्पिटल के पीछे सोनीपत।

## कई-कई महीनों में मिलता है ग्रामीण सफाई कर्मियों को वेतन



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के ब्लॉक** दफ्तर के सामने परशुराम पार्क में सोमवार को ग्रामीण सफाई कर्मियों की आम सभा हुई। प्रेस नोट जारी करते हुए सफाई कर्मियों ने बताया कि सरकार एक तरफ तो सफाई कर्मियों को करोना योद्धा, सफाई सैनिक का दर्जा देती है। वही दूसरी तरफ कई कई महीने वेतन भुगतान रोककर शोषण किया जाता है। समय पर वेतन भुगतान न होने कारण होली दिवाली जैसे त्योहार काले ही मानते हैं। सोमवार को आयोजित की गई इस मीटिंग की अध्यक्षता खरखौदा ब्लॉक प्रधान रोहतास तथा संचालन यूनियन सचिव चांद ने किया। सभा सफाई कर्मियों के जिला प्रधान राजेश रसोई व जिला सचिव राजेश टोकी के नेतृत्व में हुई। यूनियन नेताओं ने बताया कि जनवरी 2023 में सरकार के साथ सालाना वर्दी धुलाई भत्ता, सालाना 1200 रू, सफाई के ओजारों का भत्ता सालाना 2000 रू, तथा सालाना 3%वेतन बढ़ोतरी पर सहमति बनी थी, तथा माननीय पूर्व मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती के बाद 1000 रू वेतन बढ़ोतरी घोषणा की थी। 3%सालाना वेतन बढ़ोतरी को छोड़कर बाकी मांगों के पत्र दिसंबर 2023 में जारी हो चुके हैं। लेकिन तीन महीने बाद भी सफाई कर्मियों को एक भी लाभ नहीं मिला है। रुके हुए वेतन माँग को लेकर ब्लॉक अकाउंटेंट राणा ने आश्वाशन दिया है कि अप्रैल माह का बजट आते ही आपका वेतन तुरंत भुगतान किया जाएगा। ब्लॉक में सभी सफाई कर्मियों को कचरा उठाने की ई रिक्शा दी गई थी।

## हवन पूजन के साथ हुआ नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

### ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने डाली हवन में आहुति



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: ज्ञान गंगा मांटेसरी** एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में सोमवार को हवन पूजन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हवन में आहुतियां दी और विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया। हवन का शुभारंभ विघ्नहर्ता श्री गणेश के पूजन से किया गया । इस अवसर पर प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्या रिचा चावला ने बताया कि प्रतिवर्ष नए सत्र का शुभारंभ सरस्वती पूजा तथा हवन से करवाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था व आत्मबल की स्थापना तथा सदविचारों को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि हवन से एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और हवन में भाग लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति नव स्फूर्ति से अपने काम में लग जाता है। स्कूल में पहुंचने पर छात्र -छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नए दाखिला लेने वाले नौनिहालों का विशेष तौर पर स्वागत किया गया । इसके बाद सरस्वती पूजन किया गया। जिसमें कामना की गई कि मां शारदा सबको सद्बुद्धि, विभिन्न कलाएं एवं मेघा दें। इस दौरान को ऑर्डिनेटर नीरु, अध्यापिका ललिता, पूजा, कुमारी युक्ति सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ हवन में आहुति डाली। इस दौरान स्कूल में उत्सव व बच्चों में उत्साह का माहौल बना रहा ।

## सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठः दिनेश

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व आज का सूर्य नमस्कार विशेष सत्र फव्वारा पार्क सेक्टर 12 से संचालित किया गया। शरीर को लचीला बनाने के लिए सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास बेहद जरूरी है। सूर्य नमस्कार की शुरूआत गुलाटी ने की। उसके बाद सभी शिक्षकों एवं साधकों ने सूर्य नमस्कार का शानदार अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार का मतलब भगवान सूर्य को नमस्कार करना है। सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही साधक को सम्पूर्ण योग व्यायाम का लाभ पहुंचाने में समर्थ है।

## हवन यज्ञ कर नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत



**टीमी एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के गाँव** थाना खुर्द के " द स्टैनफोर्ड स्कूल में सोमवार को नए शैक्षणिक-सत्र का शुभारंभ यज्ञ करके किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ में स्कूल के चेयरमैन, विद्यालय निर्देशिका, प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हवन में आहुति डाली। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने यज्ञ के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए परमपिता परमात्मा और विद्या की देवी माँ सरस्वती से प्रार्थना की। कि सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें। साथ में भगवान से प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी प्रकार की बाधाओं से रहित हो। विद्यालय परिवार एवं बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ रहे। उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए, उनका भविष्य उज्ज्वल हो । विद्यार्थी अपने लक्ष्य और उद्देश्य की ओर अग्रसर रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने हर विद्यार्थी को कक्षा में उपस्थित होने तथा भावी भविष्य को संवारने के लिए के लिए प्रेरित किया। यह तभी संभव हो सकता है, जब आप समय पर अपना लिखित एवं स्मरण कार्य करेंगे।

## संपादकीय

# ऑटिज्म से नौनिहालों को बचाने की चुनौती

**चिंतनीय** है सालाना करीब 10 हजार बच्चे जन्मजात लाइलाज बीमारी ऑटिज्म के साथ पैदा हो रहे हैं। ये आंकड़ा विगत वर्षों में और बढ़ा है। इस बीमारी की न तो कोई दवा है और न ही प्रॉपर इलाज। सिर्फ जागरूकता और बचाव ही साधन है। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 2 अप्रैल को विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता यानी विश्व ऑटिज्म दिवस को मनाना आरंभ किया। ताकि जनमानस इस खतरनाक बीमारी के प्रति जागरूक हो सके। आज इस खास दिवस के जरिए ही ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जाता है जिससे पीड़ित एक अभिन्न अंग के रूप में पूर्ण और सार्थक जीवन जी सकें। अप्रैल-1988 में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने पहली उद्घोषणा जारी कर 2 अप्रैल को राष्ट्रीय ऑटिज्म जागरूकता माह घोषित किया। ये महत्वपूर्ण प्रगति थी और जागरूकता का एक नया युग शुरू हुआ, जिसने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए पूर्ण और अधिक उत्पादक जीवन जीने के अवसर खोले। भारत में लगभग 18 मिलियन बच्चे ऑटिज्म से पीड़ित हैं। 2 से 9 वर्ष की आयु के लगभग 1 से 1.5 प्रतिशत बच्चों में ऑटिज्म यानी एएसडी है। सीडीसी रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका में लगभग 36 में से एक बच्चा ऑटिज्म से ग्रस्त है। दुनिया की लगभग एक फीसदी आबादी इस समय ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से पीड़ित हो चुकी है। सन 2022 में सीडीसी द्वारा किए गए शोध के मुताबिक, कुल संख्या 75,000,000 से अधिक पहुंच गई है। रिपोर्ट की मानें तो प्रत्येक 100 बच्चों में से 1 को ऑटिज्म है। विश्व में ऑटिज्म निदान की उच्चतम दर वाला देश कतर है और सबसे कम दर वाला देश फ्रांस है। लड़कियों की तुलना में लगभग 4 गुना अधिक लड़कों में ऑटिज्म है। अमेरिका में ऑटिज्म की दर 2000 में 150 में 1 से बढ़ कर 2022 में 100 में 1 हो गई। दुनिया भर में ऑटिज्म पीड़ितों की दर बहुत हो गई है। इसकी समझ, जानकारी और जागरूकता का अभाव रोगी, लोग, परिवार, और समुदाय पर बहुत गहरा पड़ रहा है। यहां तक कि इससे होने वाले भेदभाव का असर भी इसके निदान और उपचार आदि पर पड़ने लगा है। ये बीमारी डरावनी भी होती जा रही है। साल-2008 में कन्वेन्शन ऑन द राइट्स ऑफ पर्सर्नस विद डिसएबिलिटीज लागू किया गया जिसमें सभी के साथ अक्षम लोगों को मानव अधिकार और की रक्षा और प्रोत्साहन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। इसमें ऑटिज्म से पीड़ित सभी वयस्क और बच्चों की सही देखरेख सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया जिससे पीड़ित अपना पूरी तरह और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सके। दिवस को मनाने का मकसद ऑटिज्म पीड़ितों की मदद करके उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है जिससे वे समाज का पूरा हिस्सा बन कर जीवन व्यतीत कर सकें।

बहरहाल, ऑटिज्म सामान्य रोग नहीं हैं बल्कि कई बार तो लगता है कि यह रोग नहीं बल्कि ताउम्र रहने वाला विकार है। जीवन भर चलने वाली इस न्यूरोलॉजिकल स्थिति लोगों में यह बचपन में ही आ जाती है जिसका लिंग, नस्ल और सामाजिक आर्थिक दर्जे से कोई लेना-देना नहीं हैं। इससे ग्रस्त बच्चों की समाज में स्वीकार्यता बहुत मुश्किल से मिलती है। कई देशों में तो ऐसे रोगी पागलखाने में भर्ती कर दिए जाते हैं।

# बेटियों को भी मिले उचित सम्मान

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मा, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है। उन्हें कम से कम सुविधाओं, अधिकारों और उन्नति के अवसरों में रखा जाता रहा है, इसी कारण महिलाओं की परिस्थिति अत्यन्त निचले स्तर पर है"

**आज** हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। अगर समाज में



बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मा, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है। उन्हें कम से कम सुविधाओं, अधिकारों और उन्नति के अवसरों में रखा जाता रहा है, इसी कारण महिलाओं की परिस्थिति अत्यन्त निचले स्तर पर है ।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कविता

### लंबी उम्र की ना दुआ किया करो

मोहब्बत में दर्द छुपा लिया करो,
दर्द के छालों को छुपा लिया करो।

आशिकी छुपाना होती नहीं आसां,
जमाने को मेरा नाम बता दिया करो।

हर दर्द की दास्तां होती है जुदा जुदा,
अपने दर्द को दिल में दबा दिया करो।

रूबरू होने की खुशियां चंद लम्हों की,
जुदाई के अहसास को दबा लिया करो।

सन्नाटे का शोर क्यों है इतना रातों में,
शोर को खामोशी में छुपा लिया करो।

इश्क में तेरी दुनिया लुट गई मेरी,
लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

संजीव ठाकुर

# मछली जल की रानी है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक तालाब है। उसमें** भी कुछ जीव रहते हैं। जैसी अपनी दुनिया है ठीक उनकी दुनिया है। अपनी दुनिया में लोग एक-दूसरे को पानी पिलाने के चक्कर में रहते हैं। उनकी दुनिया में ऐसी मारा-मारी नहीं है। जो खुद पानी में डूबे हो उन्हें भला पानी पिलाने का क्या मतलब। उसी तालाब में एक बड़ी मछली है। लिग बदलने की सुविधा होती तो मछली की जगह मछला कहना बेहतर होता। बड़ी मछली दिन-ब-दिन और बड़ी होती जा रही है। छोटी मछलियाँ दिन-ब-दिन घटती जा रही हैं। बड़ी मछलियों के पेट में अजीब सी मराड़ मची है, लेकिन पचाने की शक्ति में उसका कोई सानी नहीं है। हिसाब से देखा जाए तो जो पचा सकता है, उसे खाने का पूरा हक है। बड़े छोटों को खा सकते हैं, क्योंकि वे बड़े हैं। छोटे बड़ों को नहीं खा सकते, क्योंकि वे छोटे हैं। वैसे भी कुत्ता दुम हिलाता है न कि दुम कुत्ते को। अगर दुम कुत्तों को हिलाने लगें तो भला कुत्ते अपनी दुम क्यों बक्शने लगे? हरगिज नहीं। भूख लगने सांप अपने संपोलों तक को नहीं छोड़ते फिर भी यह तो कुत्ते की दुम है। दुनिया भर के लोग जिसे महामारी कह रहे हैं, उसे ही ये बड़ी मछलियाँ महाअवसर की तरह भुनाती हैं। एक बार के लिए गिद्ध शवों को खाना छोड़ सकते हैं, किंतु ये बड़ी मछलियाँ कोरोना महामारी से मरने वालों के नाम पर धंधा करना नहीं छोड़ सकतीं। छोटी-छोटी मछलियाँ जैसे-तैसे अपनी जिंदगियाँ बचते-बचाते गुजर-बसर करते हैं और ये बड़ी मछलियाँ एक झटके में उन्हें डकार जाती हैं। ये छोटी-छोटी मछलियाँ बड़ी मेहनत करके अपने दाना-पानी का इंतजाम करती हैं। उसी मेहनत को ये बड़ी मछलियाँ टॉनिक की तरह पी जाती हैं। मेहनत, लगन, आत्मनिर्भरता आदि शब्द सुनने में इतने मधुर लगते हैं कि छोटी मछलियाँ इन्हें सुन-सुन कर ऐसे बड़ी हो जाती हैं जैसे कसाई के यहाँ मिमियाती नन्हीं बकरियाँ। कहते हैं एक गंदी मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है। जबकि एक बड़ी मछली पूरे तालाब को खा जाती है। छोटी मछलियाँ जिंदगी भर जिंदगी बचाने के चक्कर में जिंदगी खो बैठती हैं, जबकि बड़ी मछलियाँ उन्हीं जिंदगियों को लीलकर अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ियों की जिंदगियाँ बनाती हैं। जिंदगी लीलने के खेल में छोटी मछलियों को हमेशा जात-पात, धर्म, भाषा तो कभी महंगाई, भ्रष्टाचार, अत्याचार और बेरोजगार में उलझा दिया जाता है। चाहकर वे बाहर नहीं निकल सकतीं। इसी में वे अपना दम तोड़ देती हैं। बड़ी मछलियों पर मारने का आरोप भी नहीं लगता। इन मछलियों को सेलफोन से बांधकर पुस्तकों की दुनिया से कहीं दूर छोड़ दिया जाता है। सोशल मीडिया का दाना जैसे-जैसे इनकी भूख को नचाता है वे वैसे-वैसे नाचती हैं। मछली कहलाने वाली अपने ही जात की मछली के हाथों छलती ही जाती हैं।ल्यह सब बातें मैं रिलायंस फ्रेश मार्केट के सामने बैठे बेरोजगार गरीब को सुना रहा था। वह मुझसे उल्टे पूछ बैठा भैया यह सब मुझे क्यों सुना रहे हो?

## विचार

# विस्तारवाद की चाहत के लिए खतरनाक वैश्विक युद्ध की आशंका

**संजीव**

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सियासी गंगा में डुबकी लगाइए

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**देखिए !** आप कितना भी पाप करिए, लेकिन एक बार गंगा स्नान कर लीजिए सारे पाप धूल जाएंगे। हमारे यहाँ तो यहाँ तक कहा गया है कि गंगा दर्शन मात्र से हमारी मुक्ति हो जाती और सारे पाप धुल जाते हैं। इसीलिए अब लोग पुण्य की चिंता छोड़ दिए हैं और पाप पर पाप किए जा रहें हैं। एक-दो पाप नहीं पूरा घड़ा ही पाप से भर रहें हैं। दरअसल उनके पुण्य में ही पाप की आत्मा बसी है। हमारे वेद और शास्त्रों में गंगा स्नान बेहद पवित्र माना गया है। इसीलिए लोग गलत कार्य करने में कभी नहीं डरते हैं। क्योंकि उनके पास पाप धोने के लिए गंगा है। अब गंगा भी पापियों का पाप धोते-धोते मैली हो चली हैं। आजकल लोग अब गंगा से अधिक पवित्र पाप धोने के लिए सियासी गंगा को मानने लगे हैं।

सच मानिए ! पाप धोने का आजकल सबसे मॉडर्न तरीका भी आ गया है। वह है सियासी गंगा में स्नान। इस गंगा में स्नान करना बेहद पुण्य फलदायी होता है। कहते हैं की सियासी गंगा का स्नान गंगा से भी पवित्र होता है। इस गंगा में स्नान करने से सारे कलुष धुल जाते हैं। इस गंगा में स्नान से कई पीढ़ियां तर जाती हैं। लेकिन इस गंगा में स्नान की शर्त भी है। सियासी गंगा में स्नान का फल तभी मिलता है जब चुनावों का मौसम हो। आप भ्ष्टार्चार को शिष्टाचार बना लिए हों। आप के खिलाफ जितनी जांच एजेंसिया हों सब लगी हों। आप विपक्ष में रह कर कितना भी भ्ष्टार्चार, बलात्कार, लूट, हत्या जैसा अपराध और पाप किए हो सब धूल जाता है। बस एक बार आप सत्ता की गंगा में डुबकी लगा लिए तो आपके सारे पाप धुल जाएंगे। फिर आपके पास जाँच की आंच कभी नहीं आएगी। सत्ता में आने के बाद फिर आप पाप का घड़ा भरना शुरू कर दीजिए। आजकल चुनावी मौसम में सियासी गंगा में नहाने का दौर चल पड़ा है। ऐसे घाटों पर बड़ी भीड़ दिख रही है। इस भीड़ में वामपंथ, दक्षिण पंथ और सेकुलर का तटबंध टूट गया है। जिस गंगा में लोग अपने पाप की सियासी गठरी लेकर कूद रहें हैं वह भी अपवित्र और मैली हो चला है। लेकिन सियासी घाट पर बैठे पंडे सबसे पवित्र होने का दावा कर रहें हैं और डुबकी लगाने वाले का चंदन लगा और दुपट्टा ओढा स्वागत कर रहे हैं।

## दरवाजा

**डॉ. सुरेश कुमार**

उसके घर बैंक वाले आए थे। लोन देने के लिए नहीं वसूलने के लिए। बहुत देर की जिरह के बाद उन्होंने उसके घर का दरवाजा उखाड़ दिया। उसे अपने साथ ले जाने लगे। मुझे लगा हो न हो इस दरवाजे में कुछ खास है। इतने दिन उसके घर आया गया हूँ उधारी में बहुत सारी चीजें ली भी हैं, लेकिन कभी दरवाजे पर ध्यान नहीं दिया। लंबवत आयताकार वाला दरवाजा सागवान की लकड़ी का बना हुआ था। एक अरसा हुआ उसे रंगे हुए लेकिन अभी भी मजबूत था। बैंक वाले दरवाजा क्या ले गए मानो उसकी जान ले गए। घर वाले छाती पीट-पीटकर रोने-बिलखने लगे। ये पुरानी चीजें भी कब कूड़ा-कचरे की कैटगरी से उठकर मीठी यादें बन जाती हैं, पता ही नहीं चलता। पुरानी चीजों का तिरस्कार बड़ा दुखदायी होता है, क्योंकि हर एक नई चीज कभी न कभी पुरानी पड़ती ही है। नए के चक्कर में पुराने से मुँह मोड़ना संवेदना की कमी का प्रतीक है।मैंने उससे पूछा कि बैंक वाले दरवाजा क्यों ले जा रहे हैं? तो उसने रोते हुए कहा झ्र क्या बताऊँ तुम्हें कि मुझ पर क्या बीत रही है? मैंने बैंक वालों से एक लाख रुपए का कर्जा लिया था। कर्जा देते समय उन्होंने मुझे मुस्कुराते हुए लाख हिदायतें दी थीं कि समय पर कर्जा चुका देना। वरना ब्याज बढ़ने का चक्कर हमेशा बना रहता है। ब्याज और लड़की देखते-देखते बढ़ जाते हैं। मैं फसल के भरोसे था। असमय बरसात के चलते सारी फसल बर्बाद हो गई। सरकार ने इस नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया। उसमें मैं नहीं था। वह क्या था कि उनकी नजर में गरीबों की फसल कभी बर्बाद नहीं होती, होती है तो केवल अमीरों की। मुआवजा अमीरों को मिला और मुझे लानत। कमाल की बात तो यह थी कि मुआवजा उन अमीरों को भी मिला जिनकी ढेर सारी बंजर जमीनें थीं। सच है मुआवजा फसल की बबार्दी देखकर नहीं लोगों की हैसियत देखकर दिया जाता है। वह आगे कहने लगा मैं बैंक वालों का कर्जा चुकाने में असमर्थ था। बाजार से जो कर्जा लिया था उसे चुकाने के लिए गाय-गोरू सब बेच दिए। अब मेरे पास कुछ नहीं था। बैंक वाले कई दिनों से धमका रहे थे। सोचा बैंक वाले हैं आज नहीं तो कल माफ कर ही देंगे।

## न्यूज फ्लैश

### ऐरिया मॉल गुड़गांव में 1 अप्रैल से होगा बैसाखी दा मेला 3.0, पंजाब की संस्कृति और खान-पान का एक यादगार जश्न!

**गुरुग्राम।** ऐरिया मॉल गुड़गांव में लगातार तीसरे साल पंजाब की संस्कृति और खान-पान का जश्न मनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मौका है बैसाखी दा मेला 3.0 के आयोजन का। इस बार यह मेला 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक शाम 4 बजे से रात 9 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। तैयारियों को देखकर यकीन हो रहा है कि इस वर्ष का मेला पिछली बार से भी अधिक भव्य और शानदार होगा। पंजाब की समृद्ध विरासत को मनमोहक अंदाज में पेश करने के कारण पिछले दो वर्षों में, बैसाखी दा मेला ने दर्शकों के दिलों में घर बना लिया है। एक बार फिर,ऐरिया मॉल को एक सांस्कृतिक केंद्र में बदल दिया जाएगा, जो उपस्थित लोगों को गुल्लक पेंटिंग, बायोस्कोप आकर्षण और मिट्टी के बर्तन बनाने जैसी गतिविधियों के साथ मेले में पंजाब की दिलचस्प परंपराओं में डूबने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा, मेला प्रतिष्ठित उत्तर भारतीय व्यंजन ब्रांड पिंड बलूची के जरिये आकर्षक और लजीज पंजाबी व्यंजनों की गारंटी देता है। इस तरह यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि मेले में शामिल होने वाले लोग यहां से एक यादगार अनुभव लेकर जाएं। सप्ताहांत में, शुक्रवार से रविवार तक, यह उत्सव रोमांचक प्रतियोगिताओं के साथ जारी रहता है जो प्रतिभागियों के उल्लेखनीय कौशल और उत्साह को उजागर करता है। चाहे वह लस्सी तू फस्सी प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हो, भांगड़ा फ्रीज गेम की जबरदस्त ऊर्जा हो, या सबसे तेज पगड़ी मुंडा को निर्धारित करने की रोमांचक दौड़ हो, ये प्रतियोगिताएं कार्यक्रम से जुड़े उत्साह को और ऊंचाई तक ले जाती हैं। इस तरह आपसी सौहार्द और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, मेले में आने वाले मेहमानों के लिए भांगड़ा वर्कशॉप और गायकी के लाइव सेशन भी आयोजित किए जाते हैं। यानी हरेक के लिए मनोरंजन के शानदार और दिलचस्प विकल्प! बैसाखी दा मेला 3.0 के इस जादुई अहसास का आनंद लेने का यह मौका हाथ से न जाने दें। निःशुल्क प्रवेश के साथ यह मेला सभी के लिए खुला रहेगा।

### नेत्रहीन मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ई वी एम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोडने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही, उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी।

### लोकसभा चुनावों में होगा भाजपा की मोदी सरकार का सूपड़ा साफ :-ओमवीर सिंह पंवार

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः अखिल भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे , राहुल गांधी एव शीर्ष नेतृत्व के संदेश को जन जन तक पहुचाने के लिये कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी सभी वर्गों में लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा के दिशा निदेर्शानुसार अपने जनसम्पर्क के माध्यम से घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दिव्यधाम आश्रम के पास स्थित न्यू दिनानाथ कॉलोनी में जनसभा आयोजित की गई । कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पत्र कमेटी के सदस्य व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार का बतौर मुख्यातिथि पहुचने पर उपस्थित कॉलोनी के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया । कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित कॉलोनिवासियों को सम्बोधित किया।

# लड़कियों में शिक्षा निभाती है महत्वपूर्ण भूमिकाः संगीता मोघा

## संतों की वाणी मे होता है सकरात्मक सोच का वास : डा. अमित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। संत दुर्बलनाथ** सभा समस्त खटीक समाज के द्वारा काली माता की पाठ कार्यक्रम के अवसर पर काली माता व संत दुर्बलनाथ जी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ बाँसो गेट से किया गया व शोभायात्रा का समापन काली माता मंदिर कर्ण ताल पर किया गया। इस मौके पर भंडारा वितरित भी किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट संगीता मोघा मौजूद रही। संगीता मोघा ने समाज के लोगों को लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि समाज के लोगों को चाहिए कि वह लड़कियों को अधिक से अधिक शिक्षित करें और लड़कियों को यह तय करने दें



कि उनके लिए क्या गलत है या सही है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शिक्षा कम उम्र से ही शुरू होनी चाहिए। इसलिए लड़कियों की शिक्षा का महत्व एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लड़कियों की शिक्षा से व्यक्तियों और देशों दोनों को लाभ होता है। अधिक शिक्षित महिलाएं पोषण और स्वास्थ्य के बारे में अधिक जानकार होती हैं, उनके कम बच्चे होते हैं, वे देर से शादी करती हैं और जब वे मां बनने का फैसला करती हैं तो उनके बच्चे स्वस्थ होते हैं। उनके औपचारिक कुशल बाजार में भाग लेने और उच्च आय अर्जित करने की अधिक संभावना है। संतों के महत्व के बारे में बोलते हुए डा.अमित ने कहा कि संतों की वाणी में शुद्ध विचारों व सकारात्मक सोच का वास होता है। उनके मार्गदर्शन पदचिह्नों पर चलने वाला व्यक्ति धन्य होकर भक्ति में लीन हो जाता है। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी से बड़े कार्य भी सफल होते हैं। तपस्वी संत आश्रम एवं धार्मिक स्थलों से आसपास का क्षेत्र भी पवित्र एवं धर्ममय हो जाता है। मनुष्य के मन में भक्ति की सोच जागृत होती है। इस अवसर पर रवि किरण, राम लाल, रवींद्र मोघा, नवनीत मोघा, श्रीपाल, अमित पवार, सुशील पवार, राकेश, सतपाल, अरुण, संजय तंसर, नरेश पवार और नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के कार्यकाल में देशभर में विकास की गंगा बहीः जगमोहन



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुरुक्षेत्र भाजपा** के प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता विकास के दम पर जनता के बीच जा रहे हैं। जनता भी भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव में जीत दिलाने के लिए कमर कस चुकी हैं।जगमोहन आनंद सरदार पटेल हॉलसेल क्लॉथ मार्किट में कपड़ा व्यापारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के विकास में बाधक बनती रही है। पीएम मोदी के कार्यकाल में देशभर में विकास की गंगा बही है। यही कारण है कि पीएम मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में इस पार भाजपा चार सौ पार का नारा साकार करेगी। इस अवसर पर मार्कीट के प्रधान योगेश भुगड़ा, हरीश त्रिखा, राकेश मित्तल, सुरेश बिंदल, अशोक भाटिया, अनिल गुप्ता, केवल अरोड़ा, पवन मित्तल, रामचंद्र पसरीचा, ओम प्रकाश सहित अन्य साथी मौजूद थे।

### दुकान पर सामान लेने के लिए निकली, वापस नहीं लौटी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मधुबन थाना** क्षेत्र से एक विवाहिता प्रेमी संग फरार हो गई। एक माह पहले ही विवाहिता के बच्चे की मौत हुई थी, जिसके बाद वह अपने मायके आई थी। विवाहिता की मां ने गांव के ही एक युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप लगाए हैं। विवाहिता की मां ने मामले की शिकायत मधुबन थाना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवाहिता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश के रहने वाले हैं, जो अब मधुबन के गांव में रह रहे हैं। उसके पास 3 लड़कियां हैं।

## करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत लोग हो रहे जागरूक : नरेंद्र अरोड़ा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी क**रप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत लोगों को भ्ष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है और लोग जागरूक हो रहे हैं। नरेंद्र अरोड़ा फाउंडेशन द्वारा आयोजित टॉप लीडर्स मीट में बोल रहे थे। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स मीट का आयोजन डा. मंगल सेन ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें फैशन आइकॉन तरुण कपूर, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर एंव युवा उधमी वरुण कुमार गोयल, इंटरनेशनल डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय




अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने की। इस अवसर पर टॉप टीम लीडर्स सुनीता गुप्ता, डॉ निशा गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, फिरदौस अली, अनिल कुमार मलिक, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, शैलजा गुप्ता, राजेंद्र कुमार, सावी चौधरी, सर्वजीत सिंह, मोती राम गर्ग, वैभव गर्ग, गुलशन कुमार शर्मा, अनुज कौशिक, राकेश कुमार, जय कुमार, हरजीत कौर, अभिषेक मल्होत्रा, तमन्ना, सीमा ललित, पंकज कुमार को अचीवमेंट गिफ्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों जिनमें तरुण कपूर, वरुण कुमार गोयल, विनोद गुप्ता, संजय सिंगला, एन डी गोयल व मुनीश कुमार को मेम्बरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी टॉप लीडर्स का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अधिवक्ता बिक्रम चौधरी, अजीत राही, सतीश मल्होत्रा, अनीता रही, शशि शर्मा, राजेश खन्ना, दीपा खन्ना, किशन कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इंटरनेशनल प्रेजिडेंट डॉ.निशा गुप्ता ने आभार प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

### लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन ने जारी किया टोल फ्री नम्बर 1950 जारी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा** आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्र ी नंबर 1950 जारी कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से सम्बन्धित शिकायतों तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के दौरान आर्दश आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव में अधिकाधिक मतदान करें व अन्य व्यक्तियों को जागरूक करें। मतदान हर पात्र का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर कोई व्यक्ति आपको वोट के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी भी सूचना जिला प्रशासन को करें।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम की गतिविधियां जारी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की ओर से अनेक तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्रालय की ओर से दिए गए घटकों पर काम किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चालू स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर, नगर निगम करनाल द्वारा बीते शनिवार को 5 स्वच्छता चैम्पियन बनाए गए हैं। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने जानकारी देते बताया कि संदीप लाठर, राजीव वधवा, खालसा कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. बीर सिंह, गीता कीतर्न मंडली स्वयं सहायता समूह उचानी से गीता देवी तथा लड्डू गोपाल स्वयं सहायता समूह दहा से गुलशन काम्बोज को स्वच्छता चैम्पियन बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी स्वच्छता चैम्पियन अलग-अलग एन.जी.ओ., रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन, मार्किट एसोसिएशन तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता चैम्पियन नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपना सक्रिय योगदान देंगे। नागरिकों में स्वच्छता की अलख जगाएंगे। शहर वासियों को सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों के तहत कूड़ा पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा विभिन्न तरह के जन जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

**स्वच्छा गृहीयों को दी ट्रैनिंग-** अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि रविवार को नगर निगम एवं सुगम स्वच्छता एजेंसी की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने कूड़ा एकत्र करने वाले टिप्परों के चालक और सहायक जैसे स्वच्छा गृहीयों को ट्रैनिंग दी। इस दौरान नगर निगम के ट्रीगर मास्ट गुरदेव सिंह तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी के मास्टर ट्रेनर विनय कुमार ने कूड़े-कचरे के सैग्रीगेशन को लेकर जागरूक किया और हरा, नीला, पीला, लाल व काले रंग के डस्टबिन में किस तरह का कूड़ा डाला जाता है, की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा, पीले में घरेलू चिकित्सक कचरा, लाल में घरेलू हानिकारक कचरा जैसे नुकीली कांच की चीजें, कैमिकल से सम्बंधित खाली शीशी, हारपिक व तेजाब की बोतल इत्यादि तथा काले रंग के डस्टबिन में ई-वेस्ट जैसे फ्यूज बल्ब, खराब एल.ई.डी. व सी.एफ.एल. लाईट व खराब मोबाईल इत्यादि को डाला जाएगा। प्रशिक्षण के बाद प्रश्नोत्तरी की गई और सही जवाब देने पर चालक व सहायक को सम्मानित भी किया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि हमारे स्वच्छा गृही अच्छे से प्रशिक्षित होंगे, तभी वह शहर वासियों को घर से ही कचरे को अलग-अलग करने के प्रति जागरूक कर सकेंगे।

## आप नेता प्रवीण चौधरी ने थामा भाजपा का दामन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः आम आदमी पार्टी** को कुरुक्षेत्र में बड़ा झटका। आप नेता व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में भाजपा का थामा दामन। आप नेता व पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष रहे प्रवीण चौधरी लगभग 1 वर्ष से आम आदमी पार्टी गतिविधियों में भाग नहीं ले रहे थे ,लेकिन उन्होंने औपचारिक रूप से आम आदमी पार्टी छोड़ने की घोषणा नहीं की थी। उन्होंने गत दिवस कुरुक्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर-के पत्रकारों के समक्ष आम आदमी पार्टी छोड़ने की घोषणा की। प्रेसवार्ता में के दौरान परव प्रवीण चौधरी ने कहा कि वह हमेशा समाज व देश हित में पूरी ईमानदारी के सथ कार्य



करने में लगे रहते हैं, भविष्य में भी समाज व राष्ट्र हित में कार्य करते रहेंगे इसीलिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को मध्य नजर रखते हुए आज मुख्यमंत्री नायब सैनी की उपस्थिति में भारतीय जनता पर्टी का दामन थाम लिया है। उनके साथ उनके बहुत नजदीकी एवं सहयोगी संजय चौधरी ने भी भारतीय जनता पार्टी मैं शमिल होने का ऐलान कर दिया है । पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रवीण चौधरी के अनेकों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## 'हरियाणा के फेमस रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार हुये बीजेपी मे शामिल'

### हरियाणा के फेमस रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार को पटका पहनाकर व मिठाई खिलाकर जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने पाटी बीजेपी मे किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय जनता पार्टी** के जिला अध्यक्ष सोनीपत कार्यालय पर हरियाणा के फेमस रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार शामिल हुए। जसबीर दोदवा जिला अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा के फेमस रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार पिछले कई सालों से समाज में अपनी कला के द्वारा आमजन को जागरूक करते आ रहे हैं। इनहोंने अनेको फिल्मों, टीवी चैनलों मे बतौर अभिनेता व निर्देशक के रूप में कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी कलाकारों का बहुत सम्मान करती हैं। जिससे कि उन कलाकारों को टिकट देकर सम्मानित भी करती



हैं। जिसमें की हेमामालिनी, मनोज तिवारी, हँस राज हँस जेसे अभिनेताओं को सॉंसद व अन्य उच्च पद पर देश सेवा करने का मौका देती हैं। सूरज कुमार कई सालो से पार्टी के लिये निसवारथ भाव से सेवा कर रहे हैं। सूरज कुमार कि कार्यशैली से लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा और माननीय मोदीजी के सपनों को हमसब मीलकर साकार करेंगे। जल्द से

**संवेदना**

**8 बीजेपी पार्टी मे मेरी पूरी आसथा हैं। मैं पार्टी के लिए दिन रात कार्य करके देश सेवा करूंगा: सूरज कुमार**

जल्द सूरज कुमार जेसे कला के हीरे को बीजेपी मे बडा पद भी दिलवाऐंगे। रेडियो व टीवी कलाकार सूरज कुमार ने कहा कि बीजेपी पार्टी मे मेरी पूरी आसथा हैं। मैं पार्टी के लिए दिन रात कार्य करके देश सेवा करूंगा। बीजेपी पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास जताया है मै उस पर खरा उतरुगा। और पार्टी मुझे जो भी जिममेदारी देगी मै उसे पुरी निष्ठा से निभाउंगा।

मुझे बीजेपी पार्टी परिवार में शामिल करने के लिए माननीय मोदी , राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सैनी जी, परदेश महामंत्री माननीय मोहन लाल बडौली, पूर्व मंत्री राजीव, कविता जैन, पूर्व वाईस चैयरमैन ललित बतरा, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा और सभी शीर्ष नेतृत्व का बहुत बहुत अभार। ईस अवसर पर ऐडवोकेट शिव परसाद शर्मा, मनीष, दीपक कुमार के साथ काफी कार्यकरता उपस्थित रहे।

## राजयोग द्वारा मन की शांति संभवः भगवान भाई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राजयोग द्वारा** अपने कर्मेन्द्रियों पर संयम कर कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं जिससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वंम को बचा सकते हैं। मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचने का राजयोग एक कवच कुंडल हैं। राजयोग के द्वारा हम अपने इंद्रियों पर सयंम रखकर अपने मनोबल को बढा सकते हैं। राजयोग द्वारा आंतरिक शक्तियाँ और सद्गुण को उभार कर जीवन में निखार ला सकते हैं। उक्त उद्गार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आये हुए



ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे सदर बजार में स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को राजयोग का जीवन में महत्व विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चाँद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं। राजयोग के द्वारा हम परमात्मा के मिलन का अनुभव कर सकता हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास द्वारा ही हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकारों पर जीत प्राप्त कर जीवन को अनेक सद्गुणों से ओतप्रोत वा भरपूर कर सकते हैं। राजयोग के द्वारा मन को दिशा निर्देशन मिलती हैं जिससे मन का भटकना समाप्त हो जाता हैं। राजयोगी भगवान भाई ने अपने अनुभव के आधार से बताया की राजयोग के अभ्यास से विपरीत परिस्थिति में भी सकारात्मक चिंतन के द्वारा मन को एकाग्र किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की तनावपूर्ण परिस्थितियों में मन को एकाग्र और शांत रखने के लिए राजयोग संजीवनी बूटी की तरह काम आता हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास द्वारा सहनशीलता, नम्रता, एकाग्रता, शांति, धैर्यता, अंतर्मुखता ऐसे अनेक सद्गुणों का जीवन में विकास कर सकते है। राजयोग द्वारा ही मन की शांति संभव है। उन्होंने बताया की राजयोग के अभ्यास से अतींद्रिय सुख की प्राप्ति होती हैं। जिन्होंने अतींद्रिय सुख की प्राप्ति कर ली उनको इस संसार के वस्तु, वैभव का सुख फीका लगने लगता हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने कर्मेन्द्रिय जीत स्थिति जीवन कि हर समस्याओं का समाधान कर सकेंगे। हम कर्मेन्द्रियो के अधिन हो कार्य करते है तब हमारे जीवन में विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

कर्मेन्द्रियो के अधीन होने से ही काम, क्रोध, मोह, लोभ, अंहकार, इर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकार के हम अधिन हो जाते है। यह मनोविकार ही मानव के भूल के कारण बन जाते हैं। राजयोग द्वारा इन कर्मेंइन्द्रीय जीत बन हम सुखी बन सकते हैं।

## हिमगिरी पब्लिक स्कूल बिहौली में किया गया हवन-यज्ञ

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**हिमगिरी पब्लिक स्कूल बि**हौली रोड, समालखा में सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ किया गया । अभिषेक राठी,सोनिया राठी, प्रमोद राठी, राजेश राठी, रामनिवास पांचाल, स्कूल स्टाफ के सदस्य व बच्चों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली । नए सत्र में छात्र सर्वाधिक ज्ञानार्जन कर अच्छे व सभ्य नागरिक बन देश को उन्नति के रास्ते पर अग्रसर करें इसी प्रार्थना के साथ ईश्वर व विद्या की देवी माँ सरस्वती को आराध्य मानकर हवन यज्ञ कर जोश व उत्साह के साथ सत्र का शुभारंभ किया गया । जहाँ हवन यज्ञ से



वातावरण की शुद्धि होती है वहीं यज्ञ में आहुति डालने वाले सदस्यों के तन, मन व बुद्धि की भी शुद्धि होती है । प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया साथ ही स्कूल में प्रवेश लेने वाले नए बच्चों का फूल-मालाएँ पहनकर व प्रसाद स्वरूप फल वितरित कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

# जांच की आंच: सीएम ने लिए दो मंत्रियों के नाम

## केजरीवाल ने बयान में कहा कि विजय नायर उनके बजाए आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था

**परेशानी बढ़ी**

**8 केजरीवाल ने बयान में कहा कि विजय उनके बजाए आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली सरकार के दो और मंत्री फंस सकते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन मंत्रियों का नाम लिया है। ये मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज हैं। ईडी की तरफ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल ने बयान में कहा कि विजय नायर उनके बजाए आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। केजरीवाल ने डिजिटल डिवाइस का पासवर्ड भी नहीं दिया है। ईडी ने कोर्ट से केजरीवाल की 15 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी। इसके बाद कोर्ट ने केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दे दिया। आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे पहले वह 9 दिनों तक ईडी की हिरासत में रहे थे। उन्हें 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया।





### 'जो पीएम कर रहे वो देश के लिए ठीक नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांन्ड्रिंग मामले में रिमांड अवधि खत्म होने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा, "जो मोदीजी कर रहे हैं वो देश के लिए ठीक नहीं है। ताजा जानकारी के मुताबिक, ईडी की तरफ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट से केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की। इस पर कोर्ट ने दिल्ली सीएम को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने की दी अनुमति:** अदालत ने कोर्ट रूम में केजरीवाल को पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने की अनुमति दी। सुनीता अरविंद केजरीवाल के साथ कटघरे के पास मौजूद रहीं। इसके अलावा आतिशी और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे।

ईडी कस्टडी के दौरान अरविंद केजरीवाल द्वारा सीएम के तौर पर आदेश जारी करने के मामले में जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संबंधित निचली अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि याचिका को लेकर कोर्ट ने टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया है। याचिका में केजरीवाल को हिरासत के दौरान आदेश जारी करने से रोकने की भी मांग की गई थी।

इसके अलावा, दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर ट्रायल कोर्ट के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें अरविंद केजरीवाल को हिरासत से आदेश या निर्देश जारी करने से रोकने की मांग की गई है।

### जेल में तीन किताबें पढ़ना चाहते हैं सीएम केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से जेल में रहने के दौरान तीन किताबें पढ़ने की अनुमति मांगी है। हालांकि केजरीवाल को इस संबंध में अनुमति नहीं मिली है। इससे पहले सीएम केजरीवाल को कोर्ट ने 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीएम केजरीवाल ने जिन तीन किताबों को पढ़ने की अनुमति मांगी है, उनमें भगवद्गीता, रामायण और नीरजा चौधरी द्वारा लिखी गई 'हाऊ प्राइमिनिटर्स डिसाइड' किताब शामिल है। बता दें, केजरीवाल ने ईडी कस्टडी की अवधि खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश हुए थे, जहां उन्होंने धार्मिक लॉकेट और कुछ किताबें जेल में ले जाने की अनुमति मांगी।

इन चीजों की मांगी कोर्ट से अनुमतिः सीएम केजरीवाल ने कोर्ट से कहा कि उन्हें जेल में रहने के दौरान स्पेशल डाइट, दवाएं और तीन किताबें चाहिए।

# विधानसभा में आप विधायकों का हंगामा

## ऋतुराज झा का दावा, भाजपा ने 25 करोड़ का दिया ऑफर, चंदे का मुद्दा भी उठाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायकों ने भाजपा को चंदा देने के मामले पर जमकर हंगामा किया। विधायकों ने रेड्डी की ओर से भाजपा को 60 करोड़ रुपये का चंदा देने के मामले पर घेरा। हंगामा होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई अगले सोमवार तक स्थगित कर दी। आम आदमी पार्टी के किराड़ी विधानसभा से विधायक ऋतुराज झा ने बड़ा दावा किया है। झा ने कहा कि भाजपा ने 25 करोड़ रुपये का ऑफर दिया है। साथ ही पूर्वांचल कोटे से मंत्री बनने का ऑफर भी दिया। 10 विधायकों को ज्वाइन कराने पर मंत्री बनने का ऑफर दिया गया है। इसके साथ ही आज सुबह किसी को ये बात न बताने की धमकी भी दी गई। विधानसभा में बोलते हुए विधायक ऋतुराज झा ने कहा कि मैं नंबर नहीं दूंगा, सबूत दूंगा। भाजपा का ऑपरेशन लोटस एक्सपोज होगा। अभी तक तो सुन ही रहे थे कि राष्ट्रपति शासन लगा देंगे। कल में एक शादी में गया तो मुझे साइड में आने के लिए कहा।

**हंगामा**

**8 दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायकों ने भाजपा को चंदा देने के मामले पर जमकर हंगामा किया**

# 'दिल्ली को अगली राबड़ी देवी मिलने वाली हैं'

**अनुमति**

**8 जब बिहार के सीएम भ्रष्टाचार मामले में जेल में गए तो पत्नी सीएम बनीं, वही अब दिल्ली में होगा: पुरी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अब फंसते जा रहे हैं। केजरीवाल को ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद स्थानीय अदालत ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को मिले इस आदेश के बाद उनकी पत्नी ने भाजपा पर तानाशाही का आरोप लगाया, जिसपर भाजपा ने भी पलटवार किया है। **हरदीप सिंह पुरी ने सुनीता पर कसा तंज:** सुनीता के आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उनकी तुलना लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी से कर दी। उन्होंने कहा कि जब बिहार के सीएम भ्रष्टाचार मामले में जेल में गए तो पत्नी सीएम बनीं, वही अब दिल्ली में होगा। पुरी ने कहा, "एक राबड़ी देवी बन रही हैं। मैं पिछले कई दिनों से कह रहा हूं कि 'राबड़ी देवी' आगे आएंगी। मतलब अब सुनीता केजरीवाल आगे आएंगी।" हरदीप सिंह पुरी ने अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया और कहा कि अब वो कैबिनेट बैठकें भी कर सकते हैं, क्योंकि उनके दो मंत्री भी जेल में हैं।




# ...उन्हें जेल में क्यों डाला गया?'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले उनकी ईडी की कस्टडी की अवधि आज समाप्त हो गई थी। इस दौरान सीएम केजरीवाल की पत्नी भी कोर्ट में मौजूद थीं। कोर्ट द्वारा फैसला सुनाने के बाद अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- मामले में पूछताछ पूरी हो गई है। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया है। ऐसे में उन्हें जेल में क्यों डाला गया? इनलोगों का एक ही मकसद है कि चुनाव के दौरान उन्हें जेल में डालना है। देश की जनता इस तानाशाही का जवाब देगी।

**... देश के लिए ठीक नहीं: केजरीवाल:** वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में पेश होने के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "जो मोदीजी कर रहे हैं वो देश के लिए ठीक नहीं है।" वहीं तिहाड़ में केजरीवाल के लाए जाने के क्रम में आप के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। इस कारण तिहाड़ जेल के सामने जाम लग गया है।



# एक करोड़ के आभूष के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार

## एक करोड़ के आभूषण के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने एक करोड़ के जेवर के साथ गिरोह के सगरना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपित घरों का ताला तोड़कर हीरे, सोने, चांदी के आभूषण चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपितों से एक करोड़ के आभूषण, घर तोड़ने के औजार, आभूषण गलाने वाली मशीन को बरामद की है। आरोपितों पर 22 से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपितों ने चोरी के आभूषण छिपाने के लिए उत्तम नगर में एक फ्लैट किराए पर ले रखा था।

**जेल से छूटकर आने वालों से करता था संपर्क:** पुलिस ने दो आरोपितों को कापसहेड़ा व एक आरोपित को उत्तम नगर से गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना जेल से छूटकर बाहर आने वाले बदमाशों से संपर्क करता था और उन्हें एक चोरी करने के लिए सात से दस हजार रुपये देता था। सरगना रणजीत सोनी उर्फ राज कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर रिहा होकर आया था।



**बुजुर्गों को सम्मोहित कर सामान चोरी करने वाला दबोचा:** पश्चिमी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो लोगों को सम्मोहित कर उनसे ठगी करता था।आरोपित की पहचान रघुवीर नगर के राजू उर्फ मैंगो के रूप में हुई है।आरोपित ज्यादातर बुजुर्गों को सम्मोहित करता था व उनके पर्स व मोबाइल चोरी करता था।आरोपित के पास से स्कूटी, दो मोबाइल बरामद किए हैं। वह पहले भी 50 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

**सफलता**

**8 आरोपितों से एक करोड़ के आभूषण, घर तोड़ने के औजार, आभूषण गलाने वाली मशीन को बरामद की**

# दिल्ली में घुसा तेंदुआ: बुराड़ी में लोगों पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली में पहली बार तेंदुआ घुसने की खबर सामने आई है। बुराड़ी के जगतपुर गांव में तेंदुआ घुस गया, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, तेंदुए ने कई लोगों पर हमला भी किया और वो घायल हो गए।



इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा और घटना के बारे में वन विभाग की टीम को जानकारी दी गई। दिल्ली में पहली बार तेंदुए ने लोगों पर हमला किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, सुबह 6:14 बजे वजीराबाद में आदर्श नगर गली नंबर 3 के पास जगतपुर गांव में तेंदुआ घर में घुस गया है। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वन अधिकारियों को सूचित किया गया। तेंदुए ने 3 लोगों पर हमला किया। जिनकी पहचान हो गई है।

पुलिस ने बताया कि महेंदर, आकाश और रामपाल पर हमला किया गया। ये सभी जगतपुर गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल, मौके पर वन विभाग की टीम के 7 लोग और स्थानीय पुलिस के साथ अग्निशमन विभाग की टीम मौजूद है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

# आनंद पर्वत इलाके में सेप्टिक टैंक में मिला शख्स का शव, मचा हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में एक मकान के सेप्टिक टैंक में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने इस मामले में अवैध संबंध के चलते हत्या का शक जताया है। पुलिस को आनंद पर्वत इलाके से एक घर से दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने जांच की तो घर के अंदर सेप्टिक टैंक में एक शव पड़ा हुआ मिला।

**वारदात**

**8 पुलिस को आनंद पर्वत इलाके से एक घर से दुर्गंध आने की सूचना मिली थी, सेप्टिक टैंक में एक शव पड़ा हुआ मिला**



**जिस घर से शव बरामद हुआ उसका किरायेदार फरार:** पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। साथ ही उसकी पहचान इलाके में रहने वाले 30 वर्षीय माधव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, जिस घर से शव बरामद हुआ है, उसका किरायेदार फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

**होली खेलने के बाद वापस नहीं लौटा माधव:** मृतक माधव के मकान मालिक मोहन कुमार पांडे ने एएनआई से बात करते हुए बताया, "माधव पिछले 5 महीने से उनके घर में किरायेदार के तौर पर रह रहा था। होली के दिन वह अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़कर गया था। वह होली खेलने के लिए पड़ोस में गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा।"

**माधव के मोबाइल की तलाशी से खुला राज:** जब माधव के मोबाइल फोन की तलाशी ली गई तो पुलिस को एक लड़की की तस्वीर मिली। पुलिस जब लड़की के घर पहुंची तो पड़ोसी ने बताया कि उसके घर से काफी दुर्गंध आ रही है।

पुलिस ने घर की तलाशी ली और सेप्टिक टैंक से माधव का शव बरामद किया। लड़की शादीशुदा है और माधव के उसके साथ अवैध संबंध होने का शक है। जिस वजह से हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# प्रेमिका के पूर्व पति के दोस्त की हत्या के मामले में युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शास्त्री पार्क इलाके में प्रेमिका के पूर्व पति के दोस्त की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपित को उत्तर पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान यासीन के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से पिस्टल व तीन कारतूस बरामद किए हैं। जिला पुलिस उपायुक्त डा. जाय टिर्की ने बताया कि 26 मार्च की रात 12:45 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि शास्त्री पार्क स्थित बुलंद मस्जिद क्षेत्र में गोंलियां चलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक जख्मी हालत में मिला, जिसे पुलिस ने जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डाक्टरों ने घायल मुस्तकीम को मृत घोषित कर दिया। वह अपने परिवार के साथ शास्त्री पार्क में रहता था और चांदनी चौक में एक दुकान पर सेल्समैन की नौकरी करता था। वारदात के वक्त उसके साथ मौजूद उसके दोस्त सुहैल ने पुलिस को बताया कि वह मुस्तकीम के साथ अपनी पूर्व पत्नी इशरत से मिलने उसके घर गया था। वहां इशरत के साथ उसका प्रेमी यासीन मौजूद था। वह उन दोनों को देखते ही आग बबूला हो गया। यासीन ने सुहैल की हत्या के लिए गोलियां चला दी।

# चार साल में सबसे ठंडा मार्च, बारिश भी हुई कम

**औसत तापमान**

**8 गर्मी के लिए जाना जाने वाला यह माह इस बार चार सालों में सबसे ठंडा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साल दर साल बदलते मौसम से मार्च का महीना भी अछूता नहीं रहा है। गर्मी के लिए जाना जाने वाला यह माह इस बार चार सालों में सबसे ठंडा रहा है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापमान कम रहे हैं तो वर्षा 75 प्रतिशत कम दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार, इस साल मार्च का औसत अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है, जोकि सामान्य 34.0 डिग्री से 3.7 डिग्री कम है। 2020 के बाद यानी चार यह सबसे कम है। इसी तरह से माह का औसत न्यूनतम 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है, यह वर्ष 2019 के बाद यानी पांच साल में सबसे कम है। अब यदि वर्षा की बात करें तो मार्च की औसत वर्षा का आंकड़ा है 17.4 मिमी, जबकि इस बार हुई है 75 प्रतिशत कम 4.3 मिमी। यूं माह भर में सात दिन वर्षा वाले रहे है। हैरानी की बात यह कि पिछले साल 2023 में मार्च की वर्षा 300 प्रतिशत अधिक रिकॉर्ड की गई थी। पिछले दो दशक के दौरान ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से बढ़ा है। चरम मौसमी घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। यही वजह है कि हर माह मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। - महेश पलावत, उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन), स्काईमेट वेदर

**...लेकिन रविवार को गर्मी ने किया परेशान:** रविवार को बादलों की आवाजाही के बीच दिन भर तेज धूप भी खिली रही। हवा चली, लेकिन गर्मी कम नहीं हुई। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 35.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 21.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# केजरीवाल को केंद्र में रखने में सफल रही आप, महारैली में हर नेता ने किया दिल्ली सीएम का जिक्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल** की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी महारैली के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल रही। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित हुरई महारैली में मंच पर भले ही केजरीवाल का फोटो नहीं लगाया जा सका, मगर सभी वक्ताओं ने केजरीवाल का नाम लेकर उनके साथ होने की बात कही। सभी नेताओं ने केजरीवाल का न केवल नाम लिया, बल्कि उनकी गिरफ्तारी का विरोध भी किया। पार्टी की रणनीति भी यही थी कि मंच से केजरीवाल की बात की जाए और आयोजन के केंद्र में भी केजरीवाल ही रहे। यहां बता दें कि इसी रामलीला मैदान में पहले कांग्रेस 22 या 23 मार्च को आइएनडीआइ के बैनर तले रैली करने जा रही थी, इसी बीच 21 मार्च को ईडी ने आबकारी घोटाले से जुडे. मनी लान्ड्रिंग के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया।



**घटक दलों का भरोसा देख आप को आया महारैली का विचार:** इस गिरफ्तारी के विरोध में आइएनडीआइ के घटक दलों ने जिस तरह से अपना बयान दिया और आप के साथ होने का भरोसा दिया। उससे आप नेताओं को महारैली करने का विचार आया था, इसके बाद इस महारैली के आयोजन की तैयारी अपने हाथ लेने की आप ने रणनीति बनाई थी, कांग्रेस सहित सभी दल पर इस तैयार हुए थे। मगर आम आदमी पार्टी आयोजन स्थल के मंच पर अपने नेता अरविंद केजरीवाल की सलाखों के पीछे वाली फोटो मंच के बैकग्राउंड में लगाया चाहती थी, जिस पर कांग्रेस अंतिम समय तक राजी नहीं हुई। दरअसल, कांग्रेस का कहना था कि महारैली लोकतंत्र को बचाने के लिए हो रही है तो मंच के बैकग्राउंड में लोकतंत्र को बचाने की बात की जाए। अगर केजरीवाल को बैकग्राउंड दिया जाएगा तो यह संदेश जाएगा कि महारैली केवल केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में हो रही है।

**चेंज किया गया बैकग्राउंड:** बाद में यह तय हुआ कि मंच का बैकग्राउंड लोकतंत्र के लिए दिया जाएगा। जिसके अनुसार ही आप ने काम किया। मगर मंच के नीचे जनता के बैठने वाले क्षेत्र में आप ने केजरीवाल के सलाखों के पीछे वाले होर्डिंग आयोजन स्थल के दोनों ओर लगाए। मंच पर लगाई गई स्क्रीन पर आइएनडीआइ गठबंधन के सभी नेताओं के फोटो तीन-तीन सेकेंट के लिए बारी बारी से आ रहे थे, उनमें केजरीवाल का फोटो भी तीन सेकेंड के लिए आ रहा था। इस सब के पीछे का आप का यही उद्देश्य था कि जब महारैली के आयोजन का खर्च आप उठा रही है तो उसे इस आयोजन का लाभ भी मिले।

केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध देश के कोने कोने तक पहुंचे। महारैली के माध्यम से भी यह बात जन जल तक पहुंचे कि उन्हें राजनीतिक षडयंत्र के तहत गिकरफ्तार किया गया है। आज के इस संदेश को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शरद पवार, सीताराम येचुरी, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित प्रमुख नेताओं ने प्रमुखता से उठाया है।

# 'एक शाम समाज सेवा समिति के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : समाज सेवा समिति** द्वारा एक शाम समाज सेवा समिति सोनीपत परिवार के नाम, पारिवारिक मिलन समारोह , गीतांजलि गार्डन, सोनीपत में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समारोह की छत्रछाया गीता गुप्ता, कैलाश गुप्ता प्रो. गीतांजलि गार्डन, सानिध्य में बृजेश गुप्ता, संगीता गुप्ता, मुख्य अतिथि मास्टर राजपाल चुग तथा श्रीमती कविता जैन मंत्री हरियाणा सरकार, संतोष शर्मा, रंजना कुकड़ेजा, इंदु विलेज बबीता कौशिक, ऊषा भंडारी, पुष्पा नारंग, हर्ष छाबड़ा, हर्ष प्रभा नासा ,बिमला वर्मा, प्रवेश रोहिल्ला, दीपिका ड्यूरेजा, अतिथियों स्वागत पवन गोयल मुख्य सर परस्त, शशीकरण नासा संयोजक, रत्नेश बत्रा प्रधान, जितेंद्र रिलन



सहसंयोजक किया तथा सभी अतिथियों को समिति का स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । मंच संचालन प्रियंका मुंजल किया। समिति के प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सेठी ने बताया मंच पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस तथा देश भक्ति, भजन, प्रादेशिक नृत्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति पेश की सभी बच्चों को मेडल तथा फर्स्ट तथा सेकंड आने वाले प्रतिभागी को समिति द्वारा अतिथियों के कार्यक्रमों से से सम्मानित किया गया। इसके अलावा न्यूबॉर्न बेबी लड़का तथा लड़की को हिमालय की किट दी गई तथा सबसे बुजुर्ग महिला व पुरुष को मंच पर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति पुरुषों को जलेबी जंपिंग खेल में भाग लेने वालों को सम्मानित किया गया। जो बंधु पारिवारिक मिलन में 4 से 5 बजे तक पधारे उन्हें अनुशासन पुरस्कार प्रथम सेकंड और थर्ड को मोमेंटो देखकरसम्मानित किया गया। समिति के मेंबर तंबोला एक्सपर्ट शशि पाल अरोरा ने तंबोला गेम खिलाई और उसमें जीतने वालों को नकद राशि तथा गिफ्ट आइटम प्रदान किए गए। इस समारोह में सतीश अरोड़ा, दिनेश तनेजा,लक्ष्मी नारायण खंडवाला,सुरेश रिलन, शिवदयाल, श्यामलाल चावला, ओम प्रकाश मुंजल, मनोहर नारंग ,ओपी चौधरी, हरबंस लाल अरोड़ा, नरेंद्र राय, प्रवीण गर्ग,रविंद्र कुकरेजा, रामकिशन सम्मिलित हुए

# राजकुमार शर्मा फाऊडेंशन द्वारा लगाए शिविर में 388 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः हलालपुर गांव में** राजकुमार शर्मा फाऊडेंशन के संस्थापक समाजसेवी प्रतिक शर्मा द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 388 लोगों ने अपने स्वास्थय की जांच करवाई। शिविर में आए लोगों को निशुल्क दवाईयां व चश्में वितरित किए गए। डा. श्राफ चैरिटेबल अस्पताल के चिकित्सक डा. धीरेन्द्र ने आंखों की जांच की। शिविर का शुभारम्भ करने के बाद समाजसेवी प्रतिक शर्मा ने कहा कि राजकुमार शर्मा फाऊडेंशन नेत्र जांच शिविर के अलावा अन्य बहुत से सामाजिक कार्य कर रही है। संस्था द्वारा राई हलके की लड़कियों को कालेज में जाने के लिए निशुल्क बसों की व्यवस्था के



अलावा पेयजल के लिए पीने के पानी के कैंटर, एम्बुलैंस आदि सेवाएं दी जा रही है। उनकी संस्था का प्रयास है कि हलके के जरूरतमंद लोगों को फायदा मिले। शर्मा ने कहा कि हलके के अधिकत्तर गांवों में नेत्र जांच शिविर लगवाए जा चुके है। जो गांव बच गए है, उक्त गांवों में भी शीघ्र शिविर लगवाए जाएंगे। शिविर में दीपक पंडित, कैप्टन रायसिंह, मास्टर आजाद सिंह, प्रदीप, मास्टर सुलतान, डा. कृष्ण, ईश्वर, सुरेन्द्र, बलवान, राजेन्द्र नम्बरदार, कुलबीर सरपंच, जगे प्रधान, सरेन्द्र, चंदन सिंह आदि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### आज के बच्चे कल देश का भविष्यः महेंद्र सिंह कादियान

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः पानीपत ग्रामीण** विधानसभा क्षेत्र के धूप सिंह नगर स्थित स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पानीपत से कांग्रेस के वरिष्ठ



नेता महेंद्र सिंह कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूल के संस्थापक स्व. श्रीनिवास मित्तल को याद किया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की प्रतिभा देख उनके बीच पहुंच कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन डॉ. अंकुश मित्तल ने महेंद्र सिंह कादियान का पुष्प गुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह कादियान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल देश का भविष्य हैं। सभी बच्चों को पढ़ाई में अव्वल होने के साथ ही खेलो में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हमारे जिला और प्रदेश के बच्चों ने देश ही नहीं बल्कि इंटरनेशनल स्तर पर खेलों में पूरी धाक जमा रखी है। पानीपत और हरियाणा के खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल स्तर पर कई गोल्ड मेडल जीतकर जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया किया है। इस दौरान स्कूल स्टाफ, जयपाल जागलान, ईश्वर भारद्वाज, पालेराम, बिजेंद्र सिंह, नाथीराम, शिवराज आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा में गेहूं की खरीद शुरू, आढ़ती पांच दिन की हड़ताल पर



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रदेश की अनाज** मंडियों में ब्रिकी के लिए रबी फसलों का आना शुरू चुका है। मौजूदा समय में सरसों की फसल मंडियों में पहुंच रही है। इस सप्ताह गेहूं की फसलें भी आना शुरू हो जाएंगी। वहीं ऐसे में आज से 5 दिन के लिए आढ़ती हड़ताल पर चले गए। प्रदेशभर में आढ़ती मंडियों में मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर दो घंटे के लिए धरना दे रहे हैं।करनाल की नई अनाज मंडी में धरने पर बैठे आढ़तियों ने कहा कि वह लंबे समय से सरकार के सामने अपनी मांगों को रख रहे हैं, लेकिन उनको हर बार आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। आढ़ती एसोसिएशन एक से पांच अप्रैल तक हड़ताल पर रहेगी। उनकी मांगों को अनदेखा किया जाता है तो वह आगामी संघर्ष को तैयार रहेंगे।करनाल आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान रजनीश चौधरी ने बताया कि उनकी मुख्य मांगे हैं कि एक तो किसानों की कॉटन, सरसों, सूरजमुखी व बाजरा समेत सभी फसल सरकार द्वारा एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से खरीदी जाएं। आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए। यह गेहूं पर 53.125 व धान पर 55.075 रुपए बनती है, जबकि पिछले चार वर्षों से गेहूं पर 46 और धान पर 45.88 रुपए दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से एमएसपी का भुगतान सीधे किसानों को दिया जाने लगा है। इससे आढ़तियों के साथ किसानों में भी रोष है। सरकार खरीदी सभी फसलों का भुगतान किसान की सहमति अनुसार आढ़ती या किसान के स्वयं के खाते में अदा करे। उन्होंने कहा कि धान सीजन 2019 में खरीद एजेंसियों द्वारा छह महीने देरी से भुगतान किया गया था। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद भी देरी से भुगतान का ब्याज अभी तक मंडियों में नहीं दिया गया है। इसके अलावा अन्य कई प्रमुख मांगें हैं। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हुई तो इसका खामियाजा सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

# रजत ने विक्रम को हराकर जीता खेड़ी जसौर दंगल

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**स्वर्गीय गजे खलीफा व** स्वर्गीय जीत पहलवान की स्मृति में बहादुरगढ़ के गांव खेड़ी जसौर में विशालकाय वार्षिक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जोरदार मुकाबले में पहली कुश्ती का 51000 रुपए का इनाम पहलवान रजत रूहिल ने विक्रम कोट पहलवान को हराकर जीता वहीं दूसरी कुश्ती में 31000 रुपए का इनाम भूमित खेड़ी जसौर ने सचिन सावदा को हराकर जीता , 21000 का इनाम पहलवान बीना किडौली ने जीता। देवी माई के जयकारों के साथ स्वर्गीय नंदलाल पहलवान स्वर्गीय गजे खलीफा स्वर्गीय जीत पहलवान को स्मरण करते हुए समस्त खेड़ी जसौर ग्राम वासियों द्वारा



आयोजित कुश्ती दंगल में पहुंचे हल्का बहादुरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून का आयोजको की ओर से जोरदार स्वागत व सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।
राजेश जून ने पहलवानों को 21000 रुपए की नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया, साथ ही आयोजकों को शानदार कुश्ती मेले के आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी , ग्रामीणों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। कुश्ती प्रतियोगिता में अनेक अन्य छोटी बड़ी कुश्तियो का भी आयोजन किया गया , उभरते हुए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। राजेश जून ने कहा कि हार जीत खेल का एक हिस्सा है , जीतने वाले पहलवान को और आगे बढ़ना चाहिए और हारने वाले पहलवान को हार को भुलाकर और अधिक मेहनत व प्रयास करने चाहिए । सभी पहलवानों को बधाई देते हुए राजेश जून ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्री रहते हुए कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों के लिए बनाई गई खेल नीति "पदक लाओ पद पाओ" की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बनाई गई खेल नीति का ही परिणाम है कि हमारे पहलवानों ने देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाई है।

# लोकसभा सचिवालय से सेवानिवृत हुए सुरेश कुमार

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**लोकसभा** सचिवालय में कार्यरत सुरेश कुमार 32 वर्ष की सेवावधि के बाद मेंबर सर्विस ब्रांच में ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर के पद से सेवानिवृत हो गए। उनके सम्मान में लाइनपार के वार्ड-6 जौहरी नगर स्थित आवास पर कार्यक्रम भी हुआ। इससे पहले लोकसभा सचिवालय में उनके विदाई समारोह में लोकसभा सचिवालय के अतिरिक्त सचिव पी.सी. त्रिपाठी व स्टॉफ के कई सदस्यों ने उन्हें शील्ड भेंट कर व लोई ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर के पद से सेवानिवृत हुए सुरेश कुमार ने बताया कि वह वर्ष 1991 में क्लर्क पद से भर्ती हुए थे और बाद में विभागीय पदोन्नति पाते हुए लोकसभा सचिवालय में 32 साल तक सेवा की। विभागी अधिकारियों कर्मचारियों ने उनका सम्मान करते हुए उनके स्वस्थ व समृद्ध जीवन की कामना भी की। जौहरी नगर स्थित उनके आवास पर हुए कार्यक्रम में पार्षद राजेश तंवर, पार्षद प्रवीण, पुलिस निरीक्षक सतीश कुमार समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों व वार्ड के लोगों ने शिरकत करते हुए उनका पगड़ी व लोई से सम्मान किया।

# रवि हाई स्कूल तहसील कैंप के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः कक्षा 9वी** की सृष्टि ने 573 अंक लेकर स्कूल की कक्षा 9वी में प्रथम स्थान प्राप्त किया` काशी ने 695 को लेकर आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा सातवीं की निधि मित्तल ने 670 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और कक्षा छठी की सपना ने 669 अंक लेकर छठी कक्षा में प्रथम स्थान पर रही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओम दत्त आर्य ने कहा कि शिक्षा ही विकास की धुरी है शिक्षा के कारण ही भारत चंद्रयान के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंच पाया है।

# वर्कशॉप का किया गया आयोजन

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः रविवार को** असंल स्थित मिलेनियम स्कूल के निकट स्थित रंगीन पिटारी आर्ट अकादमी द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बीजेपी पूर्व महिला जिला महिला अध्यक्ष इंदु कुकरेजा, आशा मुंजाल और कैमलिन कंपनी के इंचार्ज प्रशांत सोबती और अंसल सुशांत सिटी के प्रधान सुरेश गुंबर मुख्य रूप से मौजूद रहे। रंगीन पिटारी अकादमी की संचालिका श्वेता वधवा बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में आर्ट का हुनर भी होना बहुत जरूरी है। जिसको लेकर रंगीन पिटारी द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया है जिसमें कैमलिन कंपनी के प्रशांत सोबती



ने बच्चों को फ्लूड पेंटिंग के बारे में बच्चों को बताया वह पेंटिंग की तकनीक बच्चों को सिखाई इसके बाद बच्चों ने बहुत ही सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन दिया रंगीन पिटारी की संचालिका श्वेता वधवा ने कहा कि हर बच्चों में कोई ना कोई गुण आवश्यक होता है रंगीन पिटारी का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं को निखारना है यह आर्ट एकेडमी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां बच्चे अपना हुनर दिखा कर एक अच्छे आर्टिस्ट बन सकते हैं वर्कशॉप के बाद कैमलिन कंपनी ने बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिए।

# एसडीएम से कार्रवाई की मांग की

**गन्नौरः राजपुरा माइनर** की जेसीबी से सफाई कराने के बाद विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कोताही करने का किसानों का आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना कि माईनर के ऊपर बनाए गए सड़कों, रेलवे के पुल के नीचे से लेबर लगाकर कही भी सफाई नही की गई है। वहीं सिल्ट और मिट्टी को माइनर की पटरियों पर ही छोड़ दिया गया। किसानों का कहना कि अगर विभाग ने इसके बाद भी समाधान नही किया तो नहर सफाई में खानापूर्ति करने की शिकायत विधायक से की है। उनका कहना कि क्षेत्र में माइनरों की सफाई के नाम पर लंबा खेल चल रहा है।

# फसलों की खरीद को लेकर आढ़तियों का प्रदर्शन

**समालखा**
**( कुलदीप सिंह ): हरियाणा स्टेट अनाज** मंडी आढ़ती एसोसिएशन के तत्वाधान में समालखा अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन प्रधान बलजीत रूहल के नेतृत्व में आढ़तियों के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों जैसे सभी फसलों की खरीद आढ़तीयों के माध्यम से व पूरी 2.5% आढ़त, द्वारा सीधी साइलो के लिए खरीदी गेहूँ की पूरी आढ़त, किसानो को सीधा भुगतान किसान की सहमति से, , और मार्केटिंग बोर्ड के नियमों में सुधार बारे आदि को लेकर सरकार के खिलाफ शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधान बलजीत सिंह रूहल ने



जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में सरसों की खरीद 26 मार्च से शुरू हो चुकी है। जिसे लेकर हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन ने पूरे प्रदेश में 5 दिन के लिए सांकेतिक हड़ताल का आह्वान किया है। जिसके तहत समालखा अनाज मंडी के आढ़तीयों ने अनाज मंडी में धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरकार दूसरे प्रदेशों की तरह मंडियों को खत्म करना चाहती है, जिसे वो किसी भी हालत में नहीं होने देंगे और अपनी मांगों को लेकर लगातार विरोध जताते रहेंगे। आढ़ती एसोसिएशन समालखा से प्रधान बलजीत सिंह रूहल ने बताया कि मंडी में बिकने वाली कुछ फसलों पर आढ़तियों को किसी भी तरह की कोई कमीशन नहीं मिलता है। वहीं अगर गेहूं की बात करें तो गेहूं पर भी 12% कम कमीशन उन्हें दिया जाता है, जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो उनका विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। वो कमीशन की अपनी मांग को लेकर 5 दिन की सांकेतिक हड़ताल पर हैं। अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो वे इस हड़ताल को आगे बढ़ाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रखेंगे। इस मौके पर अनिल गर्ग बाबु राम विनोद अश्वनी अनिल अमीत आदि मौजूद थे।

# सफाई अभियान का किया गया आयोजन

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नेहरू युवा** केंद्र के तत्वाधान में जिला अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार गांव कोहंड में होने वाले (माय भारत स्वच्छ भारत 2024) के अंतर्गत सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता युवा समाजसेवी प्रदीप उपली ने की। इस दौरान सभी ग्राम वासियों के सहयोग से गांव कोहंड में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक सुजाता ने स्वच्छता के उद्देश्य बताते हुए कहा कि गांव में सभी ग्राम वासियों को गंदगी दूर करने के लिए स्वच्छ भारत अभियान जैसे स्वच्छता अभियान की सख्त जरूरत है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान को शुरू किया था। इसके सफल कार्य हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान मे जुड़ने की अपील की थी। इसी स्वच्छ भारत अभियान के तहत 26 मार्च से 31 मार्च तक (माय भारत स्वच्छ भारत अभियान) का आयोजन किया गया। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि जन भागीदारी से जन आंदोलन के साथ मिशन मोड में स्वच्छता अभियान का आयोजन करके स्वच्छता की भावना को आगे बढने का प्रस्ताव है।

# आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल ने वार्षिक सत्र की शुरूआत हवन द्वारा की

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः आर्य प्रतिनिधि** सभा हरियाणा द्वारा संचालित आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक सत्र की शुरूआत स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में विद्यालय में हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करके सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने हवन में आहुति डाली और बच्चों से भी आहुति डलवाई यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि सभी अध्यापक एवं



अध्यापिकाएं सभी बच्चे नए स्तर में पिछले स्तर की जो कमी रही है । उन सब को भूलकर अथवा दूर करके नई ऊर्जा और नए जोश के साथ अनुशासन में रहते हुए बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे । हमारा विद्यालय पानीपत में ही नहीं अथवा हरियाणा सत्र के विद्यालयों में बहुत ऊंचा स्थान रखता है ' इसकी गरिमा को बनाए रखना हम सब अध्यापक एवं बच्चों का कर्तव्य बनता है ' इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री मेहताब मालिक भी उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को बड़े विश्वास के साथ इस विद्यालय में भेजते हैं । उनका विश्वास कायम रखें सभी मन लगाकर बच्चों को पढ़ाये और अच्छी गतिविधि विद्यार्थियों को दें इसी के साथ सभी के लिए सुख एवं शांति की कामना की गई ।

# सोलर प्लेट की तार चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत**
**/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत जिले के** थाना खरखौदा की पुलिस ने खेतों से सोलर प्लेट की तार चोरी करने की घटना में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी संजय निवासी मेरठ यू पी, शांतिपाल निवासी बरेली यू पी, शुभम निवासी बक्शर बिहार व सुभाष निवासी जैन नगर दिल्ली के रहने वाले है। मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च को धर्मबीर पुत्र हेमचन्द्र निवासी हलालपुर ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि मै खेती बाडी का काम करता हूँ। जो मैने व मेरे खेत के पड़ोसियों ने अपने -अपने खेतो में सोलर प्लेटे लगवा रखी है। जो गाँव में सोलर प्लेटो की केबल चोरिया होने के कारण हम सभी अपने अपने खेतो में अपनी सोलर प्लेटो को रात के समय देखभाल करने जाते है। दिनांक 26/27 मार्च की रात को करीब समय साढ़े 12 बजे हम सभी अपने अपने खेतो में गए। वहाँ हमने देखा कि हमारे सोलर प्लेटो की लगी केबल कटी हुई है। उसी दौरान हम सभी ने खेतो में 3 से 4 नामपता नामालूम व्यक्तियो को भागते हुये देखा। तो हम उनका पीछा करने लगे तो हमें दिखाई दिया कि वे सभी कट्टो में कुछ लेकर भाग रहे है।

# सैफटी टैंक में कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः जी टी रोड पर बड़ी** गांव के पास पानीपत- दिल्ली मार्ग पर सन्तुलन बिगड़ने के कारण सैन्ट्रों कार की सैफ्टी टैंक में टक्कर लग गई। टक्कर इतनी तेज थी की हादसे में कार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए टौल प्लाजा की एम्बुलेंस से सोनीपत के नीजि अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। सूचना मिलने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना से एएसआई अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त कार को हाईड्रा की मदद



से थाने में लेकर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजाना गांव निवासी परमबीर अपनी सैन्ट्रों कार को लेकर गन्नौर से सोनीपत जा रहा था जब वह बड़ी गांव के पास पहुंचा तो उसकी सैफटी टैंक में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे सोनीपत के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# मंडी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाये प्रशासनः पंकज भरेजा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः आजादपुर** फल व सब्जी मंडी में जगह-जगह अतिक्रमण होने की वजह से जाम की समस्या अधिक होती जा रही है, लेकिन प्रशासन इन समस्याओं पर ध्यान नहीं देता है। जिस कारण से यहां पर आने वाले लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंडी में आने वाले रामसिंह ने बताया कि मैं आजादपुर मंडी में आता हूं तो अकसर जाम ही मिलता है, संबंधित विभाग को जनता की समस्याओं को समझाते हुए जाम की समस्या का उचित समाधान निकलना चाहिए। वहीं गीता देवी ने बताया कि आजादपुर मंडी में गंदगी की समस्या भी बढ़ती जा रही है, इस पर भी प्रशासन को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आजादपुर मंडी की समस्याओं का उचित समाधान निकाले प्रशासनः पंकज भरेजा



**नई दिल्लीः आजादपुर मंडी** के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में समस्याओं का अंबार है, जहां एक और जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, वहीं आवारा पशुओं का जगह-जगह जमावड़ा भी एक बड़ी समस्या होता जा रहा है। साथ ही आजादपुर मंडी में चौड़े रोड़ भी अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ते जा रहे है, लेकिन प्रशासन इन समस्याओं से बेखबर है, तभी तो समस्याएं जस की तस पड़ी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि आजादपुर मंडी प्रशासन को समय-समय पर अतिक्रमण हटाओं, सड़क खाली कराओं अभियान चलाने चाहिए, जिससे की सड़के पर अतिक्रमण न हो और जो जाम की समस्या है, उसका समाधान हो सकें। उन्होंने आगे बताया कि मुख्य रोड़ों पर तो पटरी वालों ने जगह-जगह कब्जा कर रखा है, इसके अलावा आजादपुर मंडी के कई ब्लॉको में भी यहीं हाल होता जा रहा है, जिस कारण से मंडी के जो छोटे रोड़ है वह और अधिक छोटे होते जा रहे है। जिस कारण से आजादपुर मंडी के छोटे रोड़ों से निकलना मुश्किल भरा रहता है। उन्होंने कहा कि मेरी आजादपुर मंडी प्रशासन से मांग की है, आजादपुर मंडी प्रशासन उपरोक्त समस्याओं का समाधान निकाले, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

## पीएम मोदी ने दी विकास को प्राथमिकताः सोनम चड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 में रहने वाली व संघ की नगर समरसता टोली की महिला प्रमुख सोनम चड्डा ने कहा कि देश-प्रदेश के विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। कानून का राज स्थापित किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा किया है। इतना ही नहीं हमारे किसानों के फायदे के लिए लाये गए कृषि कानूनों को लेकर कांग्रेस ने भ्रम पैदा किया है जबकि इन कानूनों से कृषि क्षेत्र को लाभ हो रहा है जोकि कांग्रेस कतई भी नहीं चाहती है।



कानून-व्यवस्था से लेकर व्यापारियों बहन-बेटियों के सुरक्षातंत्र को मजबूती मिली है। पूर्व की सरकारों में विकास के नाम पर दिखावा किया गया व देश की जनता को वोट बैंक से अधिक नहीं समझा।

**मोदी ने विकास और सम्मान को प्राथमिकता दीः** देश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

## जहांगीरपुरी में श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा

### प्रभु का सुमिरन करने से, जीवन में आती है खुशहालीः सुरेन्द्र खर्ब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी वार्ड के जे ब्लॉक जहांगीरपुरी वाले पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का बड़े ही भव्य रूप में आयोजन किया गया है। आज कथा की शुरूआत से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में क्षेत्र की कई महिलाओं व अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। यह कलश यात्रा कथा स्थल से आरंभ हुई और कई गलियों से होते हुए वापस जहांगीरपुरी जे ब्लॉक कथा स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। आपको बातदें कि जगह-जगह कलश यात्रा का स्थानीय निवासियों




के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलश यात्रा में मुख्य रूप से सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने शिरकत की और कहा कि प्रभु का सुमिरन करने से कष्ट दूर होते है, इसलिए सभी प्रभु का सच्चे मन से सुमिरन करें। और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें। इस अवसर पर कथा ब्यास प्रेममूर्ति श्री राजेश्वर जी महाराज ने कथा शुरूआत में भक्तों को श्रीमद्भागवत के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कथा का श्रवण ध्यान से करें और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारे और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें। इस मौके पर पवन गोयल, टीटू राम, मुकेश साहु, मंजू, अर्चना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अशोक विहारः सत्यवती कॉलेज सभागार में भारत विकास परिषद की धूमधाम से मनाई गई 25वीं वर्षगांठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरांवाला टाउन में भारत विकास परिषद की गुजरांवाल टाउन शाखा ने परिषद की 25वीं वर्षगांठ का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अशोक विहार स्थित सत्यवती कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। इस दौरान बतौर अतिथि के रूप में चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल, निगम पार्षद विकेश सेठी ने शिरकत की।

**रंगारंग कार्यक्रम का किया आयोजनः** सत्यवती कॉलेज के सभागार में परिषद द्वारा रजत जयंती का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परिषद के





अध्यक्ष महेंद्र डाटा, महामंत्री सुरेंद्र कपूर, विकास गुप्ता, संरक्षक पंकज गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, श्याम रस्तोगी, केके मिश्रा, राजेंद्र काबरा सहित परिषद के कई पदाधिकारीगण कार्यक्रम मे मौजूद रहे।

**खंडेलवाल ने परिषद की रजत जयंती पर दी बधाईः** कार्यक्रम के दौरान प्रवीण खंडेलवाल ने भारत विकास परिषद की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से भारत विकास परिषद जिस तरह से बिना किसी स्वार्थ के पिछलें 25 सालों से लोगों की सेवा कर रहीं है, वह आगे भी ऐसे ही समाज सेवा कर विश्वभर में परिषद का नाम बुलंदियों पर लेकर जाए।

इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष महेंद्र ने कहा कि मैं परिषद के तमाम पदाधिकारियों व मेंम्बर्स का तहेदिल से आभार करता हूं, जो कि 25 सालों से परिषद के साथ मिलकर और अपना कीमती समय देकर समाज सेवा कर रहें है, इसके लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं।

## पौधारोपण से धरा पर छायेगी हरियाली और जीवन में आयेगी खुशहालीः गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारत लोक** सेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने आस-पास उचित स्थान देखकर पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें, जिससे की आस-पास का वातावरण हरियाली भरा नजर आये। श्री गुप्ता ने आगे बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने जन्मदिन, सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे



की रक्षा परिवार की तरह करें, जिससे की अधिक से अधिक पौधे लग सके। राजेश गुप्ता ने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां एक ओर हमें छाया मिलती है, वहीं पेड़-पौधों से हम फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी पौधारोपण करें।

## त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में सैंकड़ों लोगों ने सुनीं मन की बात




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** त्रीनगर विधासभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर-61 के बूथ नंबर 19, 20, 21, 22 और 23 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने मोदी के मन की बात को सुना।

**सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में लिया भागः** कार्यक्रम के दौरान बूथ प्रभारी बलराम चावला, बूथ प्रभारी, ईश्वर आजाद शक्ति केंद्र, विजय हुरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशिकांत, अमित शर्मा, नवीन जिंदल, बूथ अध्यक्ष प्रवीण सियाल, बूथ अध्यक्ष रमन कपूर, बूथ अध्यक्ष सुनील खन्ना, बूथ अध्यक्ष चिंतन अरोड़ा, बूथ पालक सज्जन, बूथ पालक तरुण पाराशर, बूथ पालक रवि कपूर, सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण व एकाग्र होकर मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान मन की बात के इस कार्यक्रम में पूछे गए सवालों का सही जवाब देने वालों को प्रोत्साहित भी किया गया।

## सत्य की राह चलने पर ही मिलती हैं सफलताः सुनील यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुनील यादव भलस्वा ने बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि सत्य ही राह कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति सत्य के पथ पर अग्रसर रहता है, उसे एक दिन अपना लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होता है, इसलिए सभी सत्य के पथ पर ही चले। एक अन्य सवाल के जवाब में सुनील यादव ने आगे कहा कि गरीब व निर्धन तबके की सभी को सहायता



करनी चाहिए, क्योंकि गरीब व निर्धन तबके की मदद करना पुण्य का कार्य है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आये। जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में स्वर्णिम विचार से स्वर्णिम संसार कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पाना उद्यान नरेला के तत्वाधान में शनिवार को नरेला में 'स्वर्णिम विचार से स्वर्णिम संसार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें रूस के विश्व प्रसिद्ध डिवाइन लाइट कल्चरल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सब का मन मोह लिया। वही वक्ताओं ने स्वर्णिम विचार से स्वर्णिम संसार कैसे बने इस पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना उद्यान नरेला की ओर से स्वर्णिम विचार से स्वर्णिम संसार नामक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथि सेंटपीटरबर्ग रूस सेंटर डायरेक्टर राजयोगिनी बीके संतोष दीदी, राजयोग सेंटर राजौरी गार्डन की डायरेक्टर बीके शक्ति दीदी, भाजपा उत्तर-पश्चिम लोस प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री, मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के चेयरमैन हेमराज बंसल का बीके बहनों द्वारा तिलक बैज लगाकर, पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा स्वागत गान के साथ किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में रूसी कलाकारों ने भारतीय नृत्य कला की शानदार प्रस्तुति दी। उनके द्वारा किए गए नृत्य ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं रूसी कलाकार मारिया ने बचपन के दिन भुला ना देना और शिव के रंग को इस दुनिया में हमने है साकार देखा। गाने गाकर सबका दिल जीत लिया। स्वर्णिम विचार से स्वर्णिम संसार पर अपने विचार रखते हुए सेंटपीटरबर्ग सेंटर डायरेक्टर राजयोगिनी बीके संतोष दीदी ने कहा कि जैसे सोने पर मिट्टी की परत जमी होती है। सोना निकालने के लिए हजारों टन मिट्टी हटानी पड़ती है इसी तरह आत्मा रूपी सोने पर चढ़े बुरे विचारों को हटाना पड़ेगा तभी आत्मा रूपी सोना चमकेगा। इस दौरान नरेला सेंटर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में नरेला सेंटर इंचार्ज बीके गीता दीदी ने रूसी कलाकारों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीके गीता, बीके मोनिका, बीके नमिता, बीके प्रिया, बीके योगेश्वरी, बीके विनीता, बीके निरंजन भाई, दीपक खत्री, रामकुमार, विद्यासागर, योगेंद्र चंदोलिया, नीलदमन खत्री, हेमराज बंसल, संजय खत्री, सदाराम गुप्ता, लक्ष्मण आर्य, प्रताप दहिया, एन डी अरोड़ा, अशोक अमरोही, रितेश खत्री, अंकु विजय भगत, समुंदर कंडेरा, पुतुल श्रीवास्तव, सुनैना जैन, दीपक खत्री सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 02 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी में 'इंडिया' मतलब सपा-कांग्रेस...

## गठबंधन से छिटक रहे हैं एक के बाद एक दल, बढ़ा सकते हैं मुश्किलें

**साथ छूटा**

**8 सपा के साथ विभिन्न दल एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने का खूब प्रयास किए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** जिस वक्त इंडिया गठबंधन की दिल्ली में रैली हो रही थी और पूरे देश में विपक्षी एकजुटता का संदेश दिया जा रहा था, उसी वक्त उत्तर प्रदेश में गठबंधन के दो धड़ों ने अलग होने का एलान कर दिया। इनमें पीडीए का नारा बुलंद करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी उम्मीदवारी घोषित की, तो सपा विधायक पल्लवी पटेल ने पिछड़ा, दलित, मुसलमान (पीडीएम) न्याय मोर्चा का एलान कर दिया।




ऐसे में अब प्रदेश में इंडिया गठबंधन का मतलब सिर्फ सपा और कांग्रेस ही रह गई है। हालांकि कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस से जुड़ने वाले पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी को गठबंधन के तहत भदोही सीट दी गई है। यूपी में मुख्य विपक्षी दल सपा के साथ विभिन्न दल एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने का भले ही खूब प्रयास किए, लेकिन चंद दिनों के बाद ही उनमें बिखराव होने लगा। सपा ने कांग्रेस को अमेठी, रायबरेली व वाराणसी सहित 17 सीटें दीं। इस बीच सपा के सिंबल पर विधायक बनीं अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल ने तेवर दिखाए।

उन्होंने सपा पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की अनदेखी का आरोप लगाया। उनकी पार्टी ने फूलपुर, मिर्जापुर, कौशांबी से प्रत्याशी उतारने की घोषणा भी की। अब रविवार को पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के साथ मंच साझा किया और पीडीएम न्याय मोर्चा का एलान कर दिया। पल्लवी के इस कदम के सियासी मायने हैं। वह पिछड़ा, दलित और मुसलमानों की एकजुटता के जरिये नया मोर्चा तैयार करने की ख्वाहिशमंद हैं। इसमें ओवैसी उनके साथ हैं।

### दिग्गजों के गढ़ में चेहरे का इंतजार, बृजभूषण का टिकट तय नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** लगातार दिग्गजों के कब्जे में रहने वाली कैसरगंज सीट पर इस बार क्या चुनावी गणित रहेगा, यह सवाल इस समय हर किसी के मन में चल रहा है। यहां से राजनीतिक दलों के प्रत्याशी के नाम सामने आने के बाद ही यह तय हो सकेगा कि इस बार ऊंट किस कर-वट बैठने वाला है।

जिले में लोकसभा की दो सीटे हैं। इनमें बहराइच सुरक्षित है। यहां से भाजपा के अक्षयवर लाल गोंड सांसद हैं। इस सीट के दायरे में पांच विधानसभा महसी, सदर, बलहा, मटेरा व नानपारा आती है। इसी तरह दूसरी सामान्य सीट कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह हैं। इस सीट से उन्होंने वर्ष 2009, 2014 और 2019 में जीत दर्ज की है। यह लोकसभा क्षेत्र गोंडा और बहराइच दो जिले की पांच विधानसभाओं से मिलकर बना है, जिसमें गोंडा जिले की तीन तरबगंज, कटराबाजार, करनैलगंज और बहराइच की दो पयागपुर और कैसरगंज विधानसभाएं शामिल हैं।

# पंजाब: पूर्व सांसद डा. धर्मवीर गांधी कांग्रेस में शामिल

## नवां पंजाब पार्टी का भी किया विलय



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पंजाब में पटियाला लोकसभा** क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद रहे हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर धर्मवीर गांधी सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यहां पर एक कार्यक्रम के दौरान पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, पंजाब एआईसीसी प्रभारी देवेंद्र यादव, विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा और वरिष्ठ केंद्रीय नेता पवन खेड़ा ने डा. गांधी का स्वागत किया। डा. गांधी ने अपनी नवां पंजाब पार्टी का भी कांग्रेस में विलय कर दिया। इस मौके पर डा. गांधी ने कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। डा. गांधी ने आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव का अपमान हुआ और उन्हें पार्टी से निकाला गया, वह बहुत गलत था। इसी के विरोध में उन्होंने आप को अलविदा कहा था। डा. गांधी ने आगे कहा कि यदि लोकतंत्र की रक्षा कोई पार्टी कर सकती है, तो

**स्वागत**

**8 विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा और वरिष्ठ केंद्रीय नेता पवन खेड़ा ने डा. गांधी का स्वागत किया**

वह कांग्रेस ही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह टिकट के लिए कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके बावजूद अगर लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी उन्हें योग्य उम्मीदवार मानती है और टिकट देती है तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। पटियाला के पूर्व आप सांसद धर्मवीर गांधी प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। वे परनीत कौर को मात दे चुके हैं। डॉ. गांधी ने पटियाला सीट पर आम आदमी पार्टी से 2014 लोकसभा चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज की थी। डा. गांधी ने अपनी नवां पंजाब पार्टी का भी कांग्रेस में विलय कर दिया। ऐसे में पूरी संभावना है कि कांग्रेस आने वाले लोकसभा चुनावों में डा. गांधी को पटियाला सीट से मैदान में उतार सकती है।

**फास्ट न्यूज**

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 6 अप्रैल को आएंगे असम

**गुवाहाटीः** वरिष्ठ भाजपा नेता तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम में पार्टी चुनाव प्रचार के लिए 6 अप्रैल को आएंगे। इस आशय की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने संवाददाताओं को दी। मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने सोमवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्री अमित शाह राज्य के लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र में रैली करेंगे। इसके अलावा शाह काजीरंगा लोकसभा क्षेत्र के होजाई में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।पत्रकारों के यूनिफॉर्म सिविल कोड संबंधी सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद यूसीसी को लेकर निर्णय लिए जाएंगे।

### केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय पहुंचे पटना, जमकर बरसे विपक्ष पर


**पटनाः केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को पटना पहुंचते ही विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए उन्हें लोकतंत्र का मतलब समझाया। नित्यानंद राय ने कहा कि विपक्ष की रैली पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाले ही आज लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे है। वह न तो लोकतंत्र को समझते है और न ही संविधान का मतलब। विपक्ष को तो सिर्फ परिवारवाद समझ आता है। उन्होंने कहा परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विपक्ष का सुपड़ा साफ हो जायेगा। उन्होंने कहा बिहार या अन्य किसी भी राज्य में महागठबंधन के जो लोग हैं उनके घोटाले, भ्रष्टाचार,उनके परिवारवाद की नीति को जनता खूब समझती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सही पुजारी प्रधानमंत्री हैं, जिनके नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है और आज लोकतंत्र का जो मूल मंत्र है, जिनको हमारे प्रधानमंत्री ने स्थापित किया है। उन लोगों को कुछ नहीं समझ में आता है। यह लोग संविधान का धज्जियां उड़ाते हैं लोकतंत्र के हत्यारे हैं। मौके पर उन्होंने मोदी की गारंटी का मतलब समझाते हुए प्रधानमंत्री की उपलब्धियों और योजनाओं को गिनाया।

### अयोध्या में रामनवमी मेले के लिए स्वास्थ्य महकमे ने की विशेष तैयारी

**अयोध्याः श्रीरामलला की** प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके जन्मभूमि मंदिर में अब राम नवमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या धाम में आयोजित होने वाले रामनवमी पर्व पर यहां देश के कोने कोने से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 12 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। किसी संभावित घटना के समय घायल या मरीजों को हायर सेंटर तक पहुंचाने के लिए 12 स्थानों पर एम्बुलेंस तैनात की जा रही हैं।

# कानपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को सुपर ओवर में हराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/झुंझुनूं:** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप के तीसरे दिन छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर और कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव के बीच रोचक मुकाबला सुपर ओवर तक खिंचा, जहां कानपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 2 रन से हरा दिया। वहीं दूसरे मुकाबले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला को 45 रन से



शिकस्त दी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 9 विकेट से हराया।

चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने बताया कि पूल बी के मुकाबले में छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने टॉस जीतकर कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जलगांव यूनिवर्सिटी ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसमें नीरज जोशी ने 49 रन और तुषार ने 42 रन का योगदान दिया। कानपुर यूनिवर्सिटी की ओर से अमन यादव ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर यूनिवर्सिटी ने 4 ओवर में 32 रन पर अपना पहला विकेट गंवाया।

**रोमांचक मैच**

**8 वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 9 विकेट से हराया**

### फसल के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: बरसात** और ओलावृष्टि से खराब हुई गेंहू की फसल का जायजा लेने कृषि मंत्री कंवरपाल ने सोमवार को जगाधरी विधानसभा के गांव ताहरपुर के किसानों के खेतो में पहुंचे। मौके से कृषि मंत्री ने उच्चाधिकारियों से फोन पर बात की। कृषि मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि पूरे प्रदेश में बरसात और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल के नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल को लेकर आ रही समस्या हुई दूर कर पोर्टल को खुलवा दिया गया है। बरसात और ओलावृष्टि से खराब हुई प्रदेश में किसानों की फसल पर लेकर सरकार किसानों के साथ है।

# शिमला शहर की 10 जगहों पर धरना प्रदर्शन करने पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** शिमला शहर की 10 जगहों पर सार्वजनिक बैठक और धरना-प्रदर्शन करने पर पाबंदी लगा दी गई है। जिला दंडाधिकारी शिमला ने सोमवार को इस संबंध में ओदश जारी किए हैं। इसके मुताबिक सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, स्कैंडल पॉइंट से काली बाड़ी मंदिर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला कसुम्पटी रोड, छोटा शिमला चौक से राजभवन से ओक ओवर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से सट्टी सीढ़ियाँ और पैदल रास्ता जो कसुम्पटी सड़क की ओर, कार्ट रोड से मजीठा हाउस लिंक रोड तक, ए.जी. कार्यालय से कार्ट रोड, सी.पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय से चौड़ा मैदान, उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1953 की धारा 6 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं।

### राजू पाल हत्या: इसरार का कोर्ट में आत्मसमर्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः प्रयागराज** के राजूपाल हत्या मामले में सजा हो जाने के बाद इसरार ने लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। इलाहाबाद कोर्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद राजूपाल हत्याकांड के आरोपी इसरार को प्रयागराज पुलिस खोज रही थी। कोर्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाते वक्त इसरार हाजिर नहीं था, इसी कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

# दंतेवाड़ा: नक्सली मिलिशिया प्लाटून बी सेक्शन कमाण्डर ने किया आत्मसमर्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दंतेवाड़ाः** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू (घर वापस आईये अभियान) के तहत प्रतिबंधित नक्सली संगठन के भैरमगढ़ एरिया कमेटी में हुरेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून बी सेक्शन कमाण्डर राजू माड़वी पिता स्व. सन्नू उर्फ बोड्डा माड़वी उम्र लगभग 37 वर्ष निवासी हुरेपाल स्कूलपारा थाना मिरतुर ने सोमवार को डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण कराने में सीआरपीएफ दंतेवाड़ा का विशेष योगदान रहा। 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जायेगा।

# इस बार भी परिवारवादी सोच को चुनाव में जनता नकारेगी: महेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वारः भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि इस बार भी जनता आम चुनाव में परिवारवादी सोच को नकारेगी। उन्होंने बताया कि मातृ शक्ति के सामर्थ्य से बने उत्तराखंड में माताओं बहनों को राज्य की सेवाओं में 30 फीसदी अवसर प्रदान हमने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी परिवारवाद की बेल को उत्तराखंड में सींच रहे हैं। हरीश रावत को देवभूमि की जनता इस बार भी नकारने वाली हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्तराखंड में अब तक 55.03 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस योजना में अब तक 7 लाख से अधिक मरीज निःशुल्क उपचार करा चुके हैं। उन्होंने बताया पीएम आवास योजना राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 51,097 गरीब परिवारों को घर मुहैया करवाया गया है। पीएम किसान समृद्धि योजना उत्तराखंड के 9.53 लाख से ज्यादा किसानों प्रतिवर्ष 6000 रुपये की धनराशि प्राप्त हो रही है। उज्ज्वला योजना इस योजना के तहत उत्तराखंड में कुल 5,25,768 मुफ्त गैस कनेक्शन बांटे गए हैं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न अंत्योदय कार्ड धारक परिवारों के 1 लाख 94 हजार पात्र व्यक्तियों को मुफ्त राशन की आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हरिद्वार में आधुनिक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग अपने अंतिम चरण में है। हरिद्वार में रिंग रोड का निर्माण कार्य बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हरिद्वार में भूपतवाला, शांतिकुंज फ्लाईओवर का निर्माण कार्य हाल ही में संपन्न हुआ है, जिससे जाम से निजात मिलेगी। हरिद्वार में पूरे कुंभ क्षेत्र में आज भूमि गत बिजली बिजली की लाइन डाल चुकी है तथा हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में घर-घर रसोई गैस की लाइन भी डल चुकी है।

**अवसर**

**8 मातृ शक्ति के सामर्थ्य से बने उत्तराखंड में माताओं बहनों को राज्य की सेवाओं में 30 फीसदी अवसर प्रदान हमने किया**




**रिपोर्ट के अनुसार** मौजूदा समय में जो भोजन हम लोग आमतौर पर ले रहे हैं वह बहुत ही सीमित फसलों से आ रहा है

# हिमाचल के बहुमूल्य विस्मृत आहार...खाद्य परंपरा से हो रहे हैं बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडीः राजकीय वल्लभ महाविद्यालय** मंडी की वनस्पति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर तारा सेन का कहना है कि मौजूदा समय में जो भोजन हम लोग आमतौर पर ले रहे हैं वह बहुत ही सीमित फसलों से आ रहा है और धीरे-धीरे भोजन के रूप में प्रयुक्त होने वाली कुल फसलोंकी संख्या कम से कम होती जा रही है। उनका कहना है कि वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भोजन के लिए उगाई जाने वाली कुल 6000 पौधों की विविधता में से, लगभग 66 प्रतिशत भोजन की आपूर्ति सिर्फ 9 पौधों से होती है।



परिणामस्वरूप कई फल और सब्जियां जो कि कभी हमारी रसोई के महत्वपूर्ण अंग रहे। अब खाद्य प्लेट से गायब हो रहे हैं और उन्हें विस्मृत आहार या भुला हुआ भोजन माना जा रहा है। यह प्रवृ पूरी दुनिया में चल रही है और इसका नतीजा यह है कि धरती और भोजन की थाली दोनों से ही पोषक तत्वों का लगातार क्षय होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी हिमालय में स्थित होने के कारण यहां की समृद्ध जैव और भौगोलिक विविधता एवं विशिष्ट सांस्कृतिक प्रभाव से हिमाचल प्रदेश की एक समृद्ध पाक-परंपरा है। यहां के कई वनस्पति उत्पाद और व्यंजन जैसे, गुच्छी, लींगड़, हींग, नियोजा, छरमा आदि वैश्विक प्रसिद्धि प्राप्त है। वही कई अन्य बशार का आटा, बिच्छूबुटी का साग, सीक के बीज से बनी मिठाई अपने विविध चिकित्सीय गुणों के कारण खाए जाते हैं। लेकिन ये पारंपरिक व्यंजन धीरे-धीरे हमारे भोजन की थाली से गायब होते जा रहे हैं।

डा. तारा का मानना है कि इसके पीछे सबसे प्रमुख कारण यह है कि हम अब पश्चिमी-संस्कृति के प्रति अधिक आकर्षित होते जा रहे हैं। जबकि पश्चिम के लोग हमारी भोजन पद्यति को अपना चुके हैं। उनका कहना है कि आयुर्वेद के प्राचीन विज्ञान ने हमें भोजन को दवा के रूप में लेने और हमारे आहारी वस्तुओं को ऐसे मिलाने के लिए मार्गदर्शन किया है कि यह एक संतुलित आहार बन जाए।

**पाक-परंपरा**

**8 भौगोलिक विविधता एवं विशिष्ट सांस्कृतिक प्रभाव से हिमाचल प्रदेश की एक समृद्ध पाक-परंपरा है**